


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 17 जून 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 140 | मूल्य - 5 रुपये









# समुद्री रास्ते सुरक्षित हों, नाविक बिना डर काम करें, ट्रंप की मौजूदगी में पीएम मोदी ने जी 7 बैठक में रखी बात..



एवियन।

***ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना के हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जी 7 नेताओं की बैठक में समुद्री सुरक्षा का मुद्दा जोरदार तरीके से***

उठाया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत अन्य जी 7 नेताओं के सामने कहा कि सभी देशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समुद्री मार्ग सुरक्षित रहें और नाविक बिना किसी डर के अपना काम कर सकें। फ्रांस के एवियन में हो रहे त्7 शिखर सम्मेलन के 'नई साझेदारियों का निर्माण और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता का पुनर्निर्माण' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार में रुकावटों से वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान हुआ है और कई भारतीय नागरिकों की जान भी गई है। पिछले हफ्ते ओमान के तट पर एक वाणिज्यिक जहाज पर अमेरिकी सेना के हमले में चालक दल के 3 भारतीय सदस्यों की मौत के बाद भारत में बढ़ते गुस्से के बीच क्करू मोदी ने समुद्री यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक से एक दिन पहले यह मुद्दा उठाया।

## 'शांति प्रयासों में हुई प्रगति का स्वागत'

पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा, 'हम पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों में हुई प्रगति का स्वागत करते हैं। इस संघर्ष के कारण क्षेत्र में हमारे मित्र देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है।' उन्होंने आगे कहा कि 'स्ट्रेट ऑफहोर्मुज' में समुद्री व्यापार में बाधाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें जो वैश्विक समुद्री व्यापार के जरिए सभी देशों को जोड़ते हैं। हमें यह पक्का करना होगा कि समुद्री रास्ते सुरक्षित रहें और नाविक बिना किसी डर के अपना काम कर सकें।'

## 'भरोसा ही सबसे बड़ी रणनीतिक संपत्ति'

अपने संबोधन में वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों पर बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देशों के बीच भरोसे की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में सबसे अहम रणनीतिक संपत्ति न तो खनिज हैं, न तकनीक और न ही बाजार, बल्कि आपसी भरोसा है। पीएम मोदी ने कहा, आज की दुनिया पहले से कहीं ज़्यादा आपस में जुड़ी और एक-दूसरे पर निर्भर है। किसी देश की ऊर्जा, भोजन, स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा, साथ ही उसकी आर्थिक समृद्धि, सिर्फउसकी अपनी सीमाओं के भीतर तय नहीं होती। आवाजाही, डेटा, पूंजी और प्रौद्योगिकी, ये सभी हमें आपस में जोड़ते हैं। ऐसे समय में, साझेदारी का महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। हालांकि, साझेदारी तभी सफल होती है जब उसके मूल में भरोसा हो।'

## पीएम मोदी ने किया ग्लोबल साउथ का जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये देश वैश्विक विकास में केवल सहायता नहीं, बल्कि समान भागीदारी चाहते हैं और दुनिया की विकास यात्रा में सक्रिय साझेदार बनना चाहते हैं। त्7 के मंच पर दिए गए पीएम मोदी के इस बयान को वैश्विक समुद्री सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और भरोसे पर आधारित नई विश्व व्यवस्था की दिशा में भारत के रुख के रूप में देखा जा रहा है।




## तमिलनाडु पर 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज, श्वेत पत्र में पूर्व सरकार पर आरोप

**चेन्नई, (भाषा)।** तमिलनाडु के वित्त मंत्री मैरी विल्सन ने मंगलवार को राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया और पूर्ववर्ती द्रमुक सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि राज्य का कर्ज बढ़कर लगभग 10 लाख करोड़ रुपये हो गया है। विल्सन ने राज्य सचिवालय में प्रेस को संबोधित कर कहा कि 1 अप्रैल, 2021 को तमिलनाडु पर 5.13 लाख करोड़ रुपये देनदारी थी लेकिन यह 31 मार्च, 2026 तक बढ़कर करीब 10 लाख करोड़ रुपये हो गई जो सालाना 14.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि बढ़ोतरी है। पिछले महीने सत्ता संभालने वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार के वित्त मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों के कर्ज को शामिल करने पर राज्य का 'वास्तविक' कर्ज बोझ 13.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है। श्वेत पत्र के मुताबिक, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के दौरान राज्य का बकाया कर्ज लगभग दोगुना हो गया, ब्याज भुगतान निवेश को सीमित कर रहा है, राजस्व घाटा संरचनात्मक बन गया है और राज्य का कर संग्रह प्रयास कमजोर पड़ा है।

## दिल्ली में मंगलवार जून का सबसे ठंडा दिन रहा..

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली में मंगलवार को तेज हवाओं, बादलों और हल्की बारिश के कारण मौसम सुहावना रहा। इसके कारण तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया गया और मंगलवार जून का अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा।









# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# लोक सेवा आयोग मुख्य परीक्षा के आयोजन के संबंध में आयोग अध्यक्ष द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 15 जून को म.प्र. लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश लाल मेहरा द्वारा म.प्र. लोक सेवा आयोग***

द्वारा आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा के संबंध में महाविद्यालय में अधोसंरचना एवं व्यवस्था संबंधी विभिन्न पहलूओं पर निरीक्षण किया गया। इसी तारतम्य में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्प्रशन कोष्ठ द्वारा बालाघाट जिले एवं महाविद्यालय के म.प्र. लोक सेवा आयोग की तैयारी करने वाले विद्याथियों के लिये एक संक्षिप्त संवाद कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के वर्चुअल कक्ष में किया गया।

डॉ. राजेशलाल मेहरा द्वारा अपने उद्बोधन में म.प्र. में बालाघाट का अग्रणी स्थान का उल्लेख करते हुये विद्यार्थियों को विभिन्न पहलूओं पर मार्गदर्शन किया गया साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करें, साक्षात्कार में प्रतिभागी किस प्रकार से आयोग के सामने प्रस्तुत हो इसकी सारगर्भित जानकारी दी गई। इसी कार्यक्रम में जनजाति कार्य एवं अनुसूचित जाति विभाग म.प्र. की जनजाति अनुसंधान एवं विकास की अनुसंधान अधिकारी (भाषा एवं संस्कृति) डॉ. माधुरी यादव भी सम्मिलित हुई आपने विद्यार्थियों को बालाघाट में जनजातिय क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यो एवं उनकी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रदान की साथ ही विद्यार्थियों को अपने परिवेश, अपनी संस्कृति व धरोहरों के प्रति जागरूक होकर विष्वविद्यालय परीक्षा के सीसीई एवं प्रोजेक्ट में इन विषयों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र डॉ. आनंद राव पारधी भी सम्मिलित हुये एवं अपने पूर्व महाविद्यालयीन अनुभव एवं स्मृतियों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यायलय के संरक्षक प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा अतिथियों का शाल, श्रीफ्ल द्वारा सम्मान किया गया एवं कार्यक्रम के संदर्भ में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा हेतु सारगर्भित मार्गदर्देशन देते हुये बताया कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रंथालय एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ द्वारा ई-लाइब्रेरी एवं आवश्यक पुस्तकें एवं वातावरण उपलब्ध हैं, जहॉं विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। डॉ. राजेशलाल मेहरा बालाघाट जिले में भविष्य में म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी हेतु परीक्षार्थियों के मार्ग शिक्षकों एवं शोधार्थियों के अभिमुखीकरण के लिये 02 दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन भी दिया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शौक्षणिक स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही कार्यक्रम का सफल संचालन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के टीपीओ डॉ. प्रतिमा बिसेन एवं महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. ताराचंद बडघैया द्वारा किया गया।

# अवैध रेत परिवहन मामले में 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

## आरोपियों के विरुद्ध हुई कार्यवाही..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में लगातार रेत के अवैध रूप से खनन एवं परिवहन को लेकर जानकारी प्राप्त हो रही है। जिसके परिपालन में 16 जून को लांजी थाना प्रभारी एवं उनकी टीम के द्वारा ग्राम बापड़ी से रेत से भरे दो ट्रैक्टरो को जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।***

इस संबध में पुलिस थाना लांजी के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा जिले मे चल रही अवैध गतिविधियो, अपराधो की रोकथाम तथा अवैध रेत परिवहन की रोकथाम पर प्रभावी कार्यवाही हेतु लगातार आदेशित किया जा रहा है।

जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लांजी श्रीमति प्रतिष्ठा राठौर द्वारा भी लगातार मार्गदर्शन दिये जा रहे है। आदेश के पालन मे दिनाँक 16 जून 2026 लांजी के पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अपने-अपने ट्रेक्टर ट्रॉली में अवैध रेत का परिवहन कर रहे है। मुखबिर के बताये अनुसार पुलिस दल ग्राम बापडी पहुंचा ग्राम बापडी बाघ नदी के कच्चे रास्ते पर इंतजार किया कुछ समय पश्चात बाघ नदी तरफसे 02 ट्रैक्टर एक नीले रंग का मय ट्राली के व एक सफेद रंग का ट्रैकर मय ट्राली के आते दिखायी दिये जो टेक्टरो के चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे जिसको हमराह स्टाफ,

पंचान के हिकमत अमली से दोनो ट्रेक्टर ड्रायवरो को ट्रेक्टर ट्राली सहित रोका एवं दोनो ट्रेक्टर की ट्राली की जांच की गई जो दोनो ट्रेक्टर की ट्राली मे रेत खनिज भरा होना पाया गया, चालकों से उक्त रेत खनिज के परिवहन के संबंध मे रायल्टी (वैध दस्तावेजो) के संबंध में पूछा तो कोई रायल्टी या दस्तावेज नही होना बताये। वाहन चालक का नाम पता पूछने पर उन्होने अपना-अपना नाम 01. उमेश पिता प्यारेलाल घोरमारे जाति माना उम्र 32 वर्ष निवासी बापडी थाना लांजी, 02. मोहनलाल पिता टेकचंद दमाहे जाति लोधी उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बापडी थाना लांजी बताये एवं ट्रेक्टरो के नंबर के बारे में पूछने पर अपने-अपने ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर एमएच 35 एजी 0625 तथा एमपी 50 एए 4060 होना बताये।

वाहन चालक उमेश पिता प्यारेलाल घोरमारे, वाहन चालक मोहनलाल पिता टेकचंद दमाहे द्वारा बिना रायल्टी (वैध दस्तावेजो) के रेत खनिज का परिवहन करना पाया गया। जो वाहन चालक उमेश घोरमारे, वाहन चालक मोहनलाल दमाहे का कृत्य धारा 303 (2) बीएनएस एवं धारा 4/21 खान एवं खनिज (विकास का विनियमन अधिनियम 1957) के तहत दंडनीय पाया जाने से मौके पर वाहनों को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया जाकर आरोपीगण के विरूद्ध उपरोक्त धारा सदर के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना लांजी से थाना प्रभारी उनि. दीप सिंह परमार, प्रआर धनलाल लिल्हारे, आर दिलीप यादव, आर. मोहीसन एवं आर सुजीत पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..

मो. 9329033433


# करियर गाइडेंस..

## ए आई इन एजूकेशन और तकनीकी का बताया महत्व..



जगप्रेरणा लांजी।

***निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी, लांजी में सोमवार 15 जून 2016 को करियर गाइडेंस एवं एआई इन एजुकेशन पर एक जोरदार सेमिनार का आयोजन किया गया।***

संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार गोयल की अध्यक्षता में सेमिनार का शुभारंभ हुआ। डायरेक्टर प्रणय कुमार ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका को विस्तार से समझाते हुए भविष्य की तैयारियों के लिए मंत्र दिए। सेमिनार में मुख्य रूप से यह संदेश दिया गया कि एआई अब कोई भविष्य की बात नहीं, बल्कि वर्तमान की सच्चाई है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार एआई से जुड़े करियर विकल्प चुनें और लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ें। एआई शिक्षा को अधिक प्रभावी, रोचक और स्मार्ट बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

### रेडी टू एआई कॉन्टेक्ट पैनल ने दिखाए लाइव चमत्कार..

संस्था में मौजूद रेडी टू एआई कॉन्टेक्ट पैनल की मदद से छात्रों को विभिन्न एआई प्रॉम्प्ट मॉडल, टेक्स्ट प्रारूप और प्रॉम्प्ट शैलियों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। छात्रों को बताया गया कि कैसे एआई की मदद से वेबसाइट, वेब पेज, एप्लीकेशन, पोस्टर आदि बनाए जा सकते हैं। एआई पैटर्न पहचान, समस्या समाधान, स्मार्ट वॉयस असिस्टेंट, चेहरे से मोबाइल अनलॉक और स्वचालित (सेल्फ-ड्राइविंग) कारों जैसे लाइव उदाहरणों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### 'डरो मत, समझो, सीखो और तैयार हो जाओ'..

संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार गोयल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, कुछ दशक पहले जब कंप्यूटर आया तो लोग डर गए कि नौकरियां चली जाएंगी। फिर इंटरनेट आया, मोबाइल आया और अब एआई का युग आ गया है। डरने की जरूरत नहीं है। समझना है, सीखना है और तैयार होना है। उन्होंने बताया कि एआई अब केवल टेक्निकल लोगों तक सीमित नहीं रहा। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, कला, लेखन और घरेलू कामों तक हर क्षेत्र में घुस चुका है। आज हिंदी भाषा में भी कई शानदार एआई टूल्स उपलब्ध हैं जो टेक्स्ट लिखने, चित्र बनाने, कोडिंग करने और काम आसान बनाने में मदद करते हैं।

### छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में खासा उत्साह..

सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस पहल की खूब सराहना की। छात्रों को न सिर्फ करियर की स्पष्टता मिली, बल्कि भविष्य को लेकर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भी मिला। आयोजकों ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# मथुरा में लेनदेन के विवाद में एक व्यक्ति की मौत, मामला दर्ज..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***मथुरा जिले के कोसीकलां क्षेत्र में पुराने लेन-देन के बकाया पैसे की वसूली को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प में 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, मृतक कादिर कोसीकलां के मुस्लिम बहुल निकासा मोहल्ले का निवासी था।***

कोसीकलां थाने प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि सोमवार को निकासा मोहल्ले में शिकायतकर्ता राशिद के चचेरे भाई साइम की बारात की तैयारियां जारी थीं, इसी दौरान राशिद और उसके पड़ोसी नईम के बीच पुराने लेन-देन के बकाया पैसे की वसूली को लेकर विवाद हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि विवाद बढ़ते-बढ़ते गंभीर झड़प में बदल गया। पुलिस को सूचना मिलने से पहले दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि पथराव के दौरान राशिद के पिता कादिर गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की खबर फैलते ही इलाके में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थिति बिगड़ती देख कोसीकलां थाना प्रभारी पड़ोसी थानों से अतिरिक्त पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रण में किया। थाना प्रभारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने नईम समेत नौ लोगों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या और दंगा संबंधी प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

# 'बहुत दूर जा रहा हूं, पता नहीं कहां'

## लिखकर NEET अभ्यर्थी ने किया सुसाइड; फंदे से लटकता मिला शव..




डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के सीकर में NEET की तैयारी कर रहे एक और छात्र की आत्महत्या का मामला सामने आया है। कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स पर पढ़ाई का कितना भारी दबाव होता है, इसका एक दुखद उदाहरण सामने आया है।***

मंगलवार को पुलिस ने बताया कि सीकर में **NEET** की तैयारी कर रहे 22 साल के एक स्टूडेंट ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक स्टूडेंट की पहचान उमेश के तौर पर हुई है, जो मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम **(NEET)** की तैयारी के लिए एक प्राइवेट रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में रह रहा था।

### छात्र के कमरे से मिला सुसाइड नोट..

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छात्र ने छत से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छत से लटकने के लिए उसने 'चुन्नी' का इस्तेमाल किया। सूचना मिलते ही उद्योग नगर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने उमेश के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया। पुलिस ने बताया कि उमेश के सुसाइड नोट में लिखा था, 'मैं बहुत दूर जा रहा हूं, मुझे नहीं पता कि मैं कहां जा रहा हूं... सॉरी।'

हालांकि घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की वजहों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है।

### दोबारा आयोजित की जाएगी NEET परीक्षा..

बता दें कि इससे पहले **NEET-UG** 2026 की परीक्षा को पेपर लीक की वजह से रद्द कर दिया गया था। वहीं अब 21 जून, 2026 को इस परीक्षा का दोबारा आयोजन किया जाएगा।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी **(NTA)** ने पेपर लीक विवादों के कारण 3 मई की परीक्षा रद्द होने के बाद यह दोबारा परीक्षा तय की है। इस बीच, केंद्र सरकार ने भारत में टेलीग्राम प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर 22 जून तक रोक लगा दी है; इस अवधि में **NEET (UG)** 2026 की दोबारा परीक्षा का दिन और उसके ठीक बाद का समय भी शामिल है।

### कोटा का दौरा करेंगे राहुल गांधी..

छात्र के सुसाइड की घटना कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 17 जून को पड़ोसी कोचिंग हब कोटा के प्रस्तावित दौरे से ठीक एक दिन पहले हुआ है। राहुल गांधी एक हाई-प्रोफाइल इंटरैक्टिव प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले हैं, जो खास तौर पर देश में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते संकट और युवा उम्मीदवारों में बढ़ती चिंता को संबोधित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

# पीएम श्री विद्यालय में हुआ प्रवेश उत्सव

## विद्यालय की शिक्षा उज्ज्वल भविष्य का मार्ग..



जगप्रेरणा लांजी।

***पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 16 जून को नवीन सत्र के स्वागत में प्रवेशोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रमोद कुमार भिमटे ने की,***

जबकि शाला प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष सुलोचना चौके विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्राचार्य प्रमोद कुमार भिमटे एवं अतिथि सुलोचना चौके ने परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर ज्ञान की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद मांगा। तत्पश्चात छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर सभा को सरस्वतीमय बना दिया। उनकी मधुर स्वर लहरियों ने पूरे कार्यक्रम में दिव्य वातावरण का सृजन किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार भिमटे ने अपने उद्बोधन में कहा कि नया सत्र विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का अवसर है। उन्होंने छात्राओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शिक्षक स्टॉफके सदस्यों ने भी बारी-बारी से संबोधित करते हुए नवीन सत्र में बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और समग्र विकास पर जोर दिया।

पालकों ने भी कार्यक्रम में अपनी बात रखी और विद्यालय प्रबंधन तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि घर-परिवार के स्तर पर भी बच्चों के नियमित अध्ययन और अनुशासन को प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। अंत में सभी बच्चों को मिठाईयां वितरित कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नूंह में प्रशासन का बड़ा एक्शन

## 18 एकड़ में अवैध रूप से बसी 3 कॉलोनियों को किया ध्वस्त..



डेस्क जगप्रेरणा।

जिला नूंह के कंट्रोल्ड एरिया में प्रशासन ने अवैध निर्माणों के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने भिरावटी और रिठोरा राजस्व एस्टेट में एक बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान चलाकर 18 एकड़ क्षेत्र में विकसित तीन अनधिकृत कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से तैयार किए गए कई पक्के निर्माण, बाउंड्री वॉल और सड़कों के नेटवर्क को भी ध्वस्त कर दिया गया है। प्रशासन ने कहा कि विकसित की गई अवैध कॉलोनियों को पहले भी नॉटिस भेजे गए थे लेकिन इसके बाद भी लोगों ने यहां निर्माण करना शुरू कर दिया था। जिसके बाद इन कॉलोनियों को ध्वस्त करने का अभियान शुरू किया गया। प्रशासनिक अधिकारी बिनेश कुमार डीटीपी ने बताया कि राजस्व एस्टेट भिरावटी में लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में विकसित एक अनधिकृत कॉलोनी पर पहली कार्रवाई की गई। जिसके तहत छत तक बनकर तैयार किये गये 6 मकानों, 10 बाउंड्री वॉल, दो डीपीसी और सड़क नेटवर्क को गिराया गया है। इसी तरह भिरावटी में ही लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित हुई दूसरी अवैध निर्माण कॉलोनी पर भी बुलडोजर चलाकर एक निर्माण, एक बाउंड्री वॉल तथा

डब्ल्यूबीएम सड़क नेटवर्क को भी ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही राजस्व एस्टेट रिठोरा में भी करीब 3 एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से बनाई गई तीसरी कॉलोनी को भी हटा दिया गया। इस कड़ी कार्रवाई के दौरान एक प्रॉपर्टी डीलर का दफ्तर, बिजली के खंभे और डब्ल्यूबीएम सड़क नेटवर्क को भी तोड़ दिया गया।

प्रशासन ने इस दौरान सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कंट्रोल्ड एरिया में बिना किसी अनुमति के अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफआगे भी अभियान जारी रहेगा।नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं प्रशासनिक अधिकारी बिनेश कुमार ने लोगों से ये अपील कि वे अवैध कॉलोनियों में घर न खरीदें और न ही किसी प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आएं। जो भी प्रॉपर्टी खरीदनी है या बेचनी है लोग इसके लिए सीधे विभाग से आकर संपर्क करें।

# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# मीनाक्षी नटराजन नामांकन प्रकरण एवं किसानों की समस्याओं को लेकर पंचायत राज संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## नामांकन प्रकरण की जांच कराई जाए एवं किसानों को डीजल उपलब्ध कराया जाए - मोहन सिंह चंदेल..



जगप्रेरणा सिवनी।

***राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला सिवनी द्वारा आज मीनाक्षी नतरण नामांकन निरस्त प्रकरण के संबंध में एवं किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने व खरीफकी बोवनी को देखते हुए***

केन व कुप्पी में डीजल उपलब्ध कराने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि जिन बातों को लेकर मीनाक्षी नटराजन का फॉर्म निरस्त किया गया है। वह पूर्णतःअवैधानिक निराधार एवं अलोकतांत्रिक कृत्य है। लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनावों पर आधारित है। अतः जनहित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु इस शिकायत पर आवश्यक कार्यवाही की मांग राष्ट्रपति महोदय से की गई है।

संगठन में एक दूसरा ज्ञापन और सौंपा है जो कि किसानों की समस्याओं से संबंधित है। इसमें मांग की गई है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए एवं खरीफ की बोवनी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में डीजल उपलब्ध कराया जाए।

इस अवसर पर श्री चंदेल ने कहा कि अगर किसानों को समय पर डीजल एवं उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया गया तो इससे कृषि क्षेत्र की राष्ट्र की एवं किसान भाइयों की बहुत बड़ी क्षति हो जाएगी। जिसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल होगा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से महासचिव हनीफ खान वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु करोसिया जिला प्रवक्ता जे पी एस तिवारी किसान नेता हुकुमचंद सनोदिया राजीक अकील खान पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष विनोद यादव दीवान आजम अली खान। ध्रुव नारायण चौधरी नब्बू भाई पार्षद आरजीपीआरएस के जिला महामंत्री उदय सिंह बघेल श्याम सिंह माली उर्फ गुल्लू बाबा दयालु मरकाम रामकुमार उर्फ दादी सनोदिया उमेश चक्रवर्ती पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक सिरसम श्रीमती पवन रेखा रिनायत रामनारायण रघुवंशी शिवराम पाल शिवदयाल पाल निलेश राय नीलेश विश्वकर्मा शंकर लाल डेहरिया श्रीमती सुकरो बाई सदानंद चंदेल जीवन सिंह चंदेल जगदीश एवं कमलेश कुमार नागवंशी सहित बड़ी मात्रा में स्वराज साथी गण उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर का रीडर 20 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

## लोकायुक्त जबलपुर ने रंगे हाथों दबोचा, मामला दर्ज..

जगप्रेरणा सिवनी।

***लखनादौन में पदस्थ अपर कलेक्टर एडीएम के रीडर माधव प्रसाद तिवारी को लोकायुक्त पुलिस ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।***

मिली जानकारी के अनुसार छपारा तहसील के गंगाढाना निवासी संतोष सिसोदिया ने जबलपुर लोकायुक्त में शिकायत की थी।



### यह था पूरा मामला..

संतोष सिसोदिया की पैतृक जमीन पर लगे पेड़ अज्ञात लोगों ने काट दिए थे। इसकी शिकायत उन्होंने थाने में दी थी। इसी बीच विरोधी पक्ष ने एसडीएम छपारा से शिकायत कर दी। एसडीएम ने मामले में अर्थदंड लगा दिया। संतोष ने एसडीएम के आदेश के खिलाफ एडीएम लखनादौन के न्यायालय में अपील दायर की। आरोप है कि एडीएम कोर्ट के रीडर माधव प्रसाद तिवारी ने संतोष से पक्ष में आदेश कराने के एवज में 30 हजार रुपये मांगे। सौदा 20 हजार में तय हुआ। संतोष ने इसकी शिकायत लोकायुक्त जबलपुर से की।

### रंगे हाथों पकड़ा..

लोकायुक्त की कार्ययोजना के अनुसार रीडर माधव प्रसाद तिवारी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### 20 हजार रिश्वत लेते पकड़े गए रीडर माधव तिवारी निलंबित..

कलेक्टर नेहा मीना ने तत्काल प्रभाव से की कार्रवाई लखनादौन न्यायालय में रीडर के पद पर पदस्थ सहायक ग्रेड-3 माधव प्रसाद तिवारी को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। तिवारी को लोकायुक्त जबलपुर ने जिला मुख्यालय सिवनी में 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। ज्ञात हो कि तिवारी ने न्यायालय अपर कलेक्टर लखनादौन के एक राजस्व प्रकरण में पक्ष में आदेश कराने के एवज में आवेदक से 30 हजार रुपये मांगे थे। सौदा 20 हजार में तय हुआ। रकम लेते समय लोकायुक्त टीम ने तिवारी को दबोच लिया। शासकीय कार्य के लिए रिश्वत लेना मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 3(1), (2), (3) के तहत गंभीर कदाचार है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने नियम 1966 के नियम 9(1) के तहत निलंबन आदेश जारी किए। निलंबन अवधि में तिवारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय कुरई रहेगा। इस दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। तिवारी के निलंबन के बाद उनका संपूर्ण प्रभार कार्यालय उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सिवनी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 मदन कुमरे को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ आगामी आदेश तक सौंपा गया है।

# श्रीमति बबली चंदेल का सहायक प्राध्यापक भूगोल मे हुआ चयन..

जगप्रेरणा सिवनी।

***श्रीमति बबली चंदेल पति गया प्रसाद चंदेल का चयन सहायक प्राध्यापक भूगोल में हुआ है आप श्री कोदुराम सनोडिया निवासी पीपरडाही की सुपुत्री है,आपकी माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा गांव के शासकीय एकीकृत विद्यालय***

पीपरडाही में हुई है एवं कक्षा 9 से 12तक की शिक्षा शासकीय एम.एल. बी विद्यालय सिवनी में हुई है, आपने बी ए.एम.ए भूगोल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी 2008 में पास किया है।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा 2008 में गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया गया था, तदोपरांत बी.एड बरघाट से एवं एम.फिल, राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान इंदौर पूर्ण किया है, यूजीसी नेट की परीक्षा 2010 में उत्तीर्ण किया, पी एच डी का कार्य किसी कारण बस समय सीमा में पूर्ण नहीं हो पाया। आपके पति जी. पी. चंदेल निवासी मरकावाडा केवलारी भी बी .एड., एम एड, एम फिल योग्यता धारी है आप बालाजी बी. एड. कॉलेज में बरघाट में बतौर प्रभारी प्राचार्य के रूप में 8 वर्ष कार्य किया है, आप एक कुशल संगीतयज्ञ एवं प्रखर वक्ता भी है वर्तमान में आप विशेष शिक्षक (मोबाइल रिसोर्स कॉर्डिनेटर) के पद पर जनपद शिक्षा केंद्र लखनादौन में पदस्थ है। श्री मति बबली चंदेल ने 12 वर्ष शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरघाट में अतिथि विद्वान के रूप में अध्यापन कार्य कराया है, वर्तमान में आप उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में अध्यापन करा रही। आपके नियमित अध्ययन, ओर बुलंद



हौसला, लगनशीलता के कारण आपने लोकसेवा आयोग मध्यप्रदेश **(PSC)** के द्वारा आयोजित परीक्षा में तीसरे प्रयास में सफलता प्राप्त किया है। आपके पूरे परिवार एवं जिले में खुशी की लहर है।

आपको यह सफलता डॉ. डी.पी.नामदेव, डॉ आशुतोष सिंग गौर ने न केवल पढ़ाया बल्कि अभी तक लक्ष्य के लिए मोटिवेट करते रहे, मेरे साथी सहायक प्राध्यापक श्री छत्रपाल जाटव ने भी समय समय पर अपने अनुभव शेयर किया मार्गदर्शन किया एवं मेरे पति का भी विशेष योगदान रहा जिन्होंने स्वयं अध्ययन कर अध्यापन कराया आवश्यकता अनुसार नोट्स पुस्तक एवं सुविधाएं उपलब्ध कराया। इस सफलता से शासकीय महाविद्यालय सिवनी में गौरवान्वित हुआ है।

# न्याय की गुहार लेकर भटक रही 90 वर्षीय शकुंतला देवी

जगप्रेरणा सिवनी।

***सीवी रमन वार्ड विंध्यवासिनी मंदिर के बाजू में रहने वाली श्रीमती शकुंतला दुबे पति स्वर्गीय सुखदेव दुबे उम्र 90 वर्ष जो की अपने मकान में रहने वाली अपनी पुत्रवधू के द्वारा की जा रही***



प्रताड़ना से परेशान है और अपने ही मकान में रहने वाले किराएदारों को खाली करने का नोटिस दिए जाने के बावजूद भी मकान खाली नहीं किया जा रहा जिसको लेकर पीड़ित महिला जनसुनवाई में पहुंची और अपनी बात रखी

श्रीमती शकुंतला देवी उम्र 90 वर्ष ने बताया कि जिस मकान में उनके पति रहते थे उसे मकान में उनके पुत्र द्वारा षडयंत्र पूर्वक कब्जा कर लिया गया बाद में उनकी पुत्रवधू द्वारा मकान को किराए पर दे दिया गया जबकि इस मकान पर नियम अनुसार मेरा हक है मामले को लेकर न्यायालय में भी याचिका लगाई गई थी जिस पर न्यायालय ने मेरे पक्ष में फैसला दिया है। इसके बावजूद भी पुत्रवधू द्वारा मकान खाली नहीं किया जा रहा। श्रीमती शकुंतला देवी ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त मकान में पुत्रवधू द्वारा मकान की दुकान एवं अन्य संपत्ति को किराए पर दिया है और लंबा समय हो गया अब मैं उसे मकान को खाली करवाना चाहती हूं तो किराएदार द्वारा मकान खाली नहीं किया जा रहा।

अतः ऐसी स्थिति में न्याय की गुहार को लेकर पीड़ित महिला जनसुनवाई में पहुंची और अपना आवेदन लगाया महिला ने यह भी बताया कि उन्हें अनेकों बार आवेदन दिया है लेकिन उनकी बात को कोई नहीं सुन रहा जबकि न्यायालय ने मेरे पक्ष में फैसला दिया है अतः पुनः जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि उसे न्याय दिया जाए।

# राधिका टाउन फेज 2 का हुआ शुभारंभ

जगप्रेरणा सिवनी।

***जबलपुर रोड में ज्यारत नाका के पास सर्वसुविधायुक्त राधिका टाउन को मिले अपार विश्वास और सहयोग के बाद एक बार फिर राधिका टाउन फेज 2 का शुभारंभ किया गया ताकि लोगों को बेहतर माहौल के बीच अपना आशियाना मिल सके।***

राधिका टाउन के संचालक अवधेश बघेल ने बताया कि उन्होंने सर्वसुविधायुक्त राधिका टाउन का निर्माण कराया ताकि सिवनी शहर के भीतर लोगो को मूलभूत सुविधाओं के साथ प्लॉट उपलब्ध हो सके ताकि वह अपने सपनों का घर बना सकें। पहले फेज में जिस तरह से जिले वासियों ने विश्वास कर उनके प्रोजेक्ट को सफल बनाया उसके बाद राधिका टाउन दूसरे फेज का शुभारंभ 16 जून को किया गया। अवधेश बघेल ने बताया कि राधिका टाउन फेज 2 कालोनी भी रेरा अप्रूव्ड कॉलोनी है जिसमें अंडरग्राउंड नालिया, पानी की टंकी ,चौड़ी सड़को की सुविधा, बच्चों के मनोरंजन के लिए सुंदर आकर्षक गार्डन, आकर्षक प्रवेश द्वार स्ट्रीट लाईट एव बिजली की सुविधा, स्विमिंगपूल सुविधा जिम सुविधा के साथ साथ भव्य मंदिर भी है।

खास बात यह है कि राधिका टाउन फेज 2 में 80प्रति. फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। श्री बघेल ने अपील किया है कि पारिवारिक माहौल के बीच आप अपने सपनों का घर बनाना चाहते हैं तो एक बार राधिका टाउन फेज 2 में अवश्य पहुंचे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए 9407055151, 9183655151 में संपर्क करे।

# प्रदेश में हुये थोक के भाव तबादले, कही खुशी - कही गम - नरेश..

जगप्रेरणा सिवनी।

***प्रदेश में हुये थोक के भाव तबादले की सूची जारी की गई, जिसमें कही खुशी-कही गम देखने को मिला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा के***

राज में बिना लेन-देन के कोई काम हो जाए असंभव है यह बात सभी जानते है जिसकी पुष्टि भाजपा से दो बार से निर्वाचित सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने की। उन्होंने एक न्यूज चैनल को दिए अपने साक्षात्कार में कहा कि प्रदेश व जिले में हुए स्थानांतरण में दलाली हुई है दलाल नुमा लोग भोपाल के सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस में चक्कर काटते नजर आये है, जिस तरह का भ्रष्टाचार भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में हुआ है।

वह आम जनों के बर्दास्त के बाहर हो गया है किसी भी शासकीय कार्यालय में नियम से भी काम कराने पर शासकीय कर्मचारी द्वारा पैसो की मांग की जाती है तब जाकर लोगो का काम हो रहा है। जिले में अभी बीते दिनों अनेक रिश्वतखोर शासकीय कर्मचारियों को लोकायुक्त ने रंगे हाथ दबोचा है। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता में बैठे भाजपा के लोग इन लोगो से पैसा वसूलते है यही कारण है कि ये शासकीय कर्मचारी निडर होकर लोगो से हर काम का पैसा वसूलते है। जब अधिकारी, कर्मचारी अपने तबादले के लिए सत्ता में बैठे लोगो को रिश्वत देकर मन चाहा स्थान पर नौकरी करेंगे तो निश्चित रूप से वह आम लोगो से वसूली करेंगे।

श्री मरावी ने कहा कि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जितनी बेबाकी से यह बात कही है कि ट्रांसफर में दलाली हुई है तो निश्चित रूप से वह उन दलालों को भी जानते होंगे, जिन्होंने दलाली लेकर शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों का ट्रांसफर कराया, दिनेश राय मुनमुन को उन दलालो का नाम भी उजागर करना चाहिये, जिससे आम लोगो को पता चले कि प्रदेश को भ्रष्टाचार के दल दल में डालने वाले कौन लोग शामिल है।

# पहली ही बारिश में मुंगवानी रोड जलमग्न, घरों में घुसा पानी..

जगप्रेरणा सिवनी।

मानसून की पहली तेज बारिश ने ही शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मुंगवानी रोड स्थित राजपूत मंगल भवन के सामने जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी आसपास के कई घरों में घुस गया। घरों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रहवासियों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति निर्मित होती है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।





स्थानीय निवासी वेंकटेश सोनकेशरिया ने बताया कि पहली ही बारिश में उनके घर में पानी भर गया। अचानक घर में पानी घुसने से परिवार को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल बरसात के दौरान लोगों को इसी समस्या का सामना करना पड़ता है।

वेंकटेश सोनकेशरिया ने आरोप लगाया कि जलभराव की समस्या को लेकर कई बार नगरपालिका अधिकारियों से संपर्क किया गया। लिखित एवं मौखिक शिकायतें भी की गईं, लेकिन हर बार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया गया। इसके बावजूद समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

क्षेत्र के अन्य रहवासियों ने भी बताया कि बारिश का पानी घरों में घुसने से दैनिक जीवन प्रभावित हो गया। लोगों को घरों से पानी निकालने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आगामी बारिश में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

रहवासियों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की है कि मुंगवानी रोड क्षेत्र का तत्काल निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में लोगों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## भव्य श्याम तोरण द्वार के भूमिपूजन समारोह का आयोजन आज..

जगप्रेरणा सिवनी।

***श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा यह जानकारी दी गई है कि विधायक निधि से निर्मित होने वाले भव्य श्याम तोरण द्वार के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह 17 जून 2026, बुधवार को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा।***

यह भव्य तोरण द्वार श्री श्याम मंदिर परिसर, गुरुकुल स्कूल के सामने, ऑरेंज सिटी कॉलोनी, नागपुर रोड, सिवनी में निर्मित किया जाएगा, जो क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई गरिमा प्रदान करेगा। समिति के अनुसार इस शुभ अवसर पर सिवनी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री दिनेश राय जी मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि भाजपा जिला महामंत्री श्री संतोष अग्रवाल जी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। श्री श्याम परिवार समिति ने बताया कि यह तोरण द्वार श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनने के साथ-साथ नगर की धार्मिक विरासत को भी समृद्ध करेगा। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम श्याम भक्तों एवं समस्त नागरिकों के लिए विशेष महत्व रखता है।

समिति ने जिले के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं श्याम भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं पुण्य अवसर के साक्षी बनें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि आप सभी की गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिए गौरव, प्रेरणा एवं उत्साह का विषय होगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।










# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# जनता और जनप्रतिनिधी के बीच महत्त्वपूर्ण माध्यम में विश्वास, त्वरित समाधान और सुशासन भी आता है नजर.. प्रदीप जायसवाल

## नपा परिषद के जनता दरबार का अब जनता करती है बेसब्री से इंतजार..









जगप्रेरणा वारासिवनी। ***नपा परिषद के परम्परागत जनता दरबार मे निर्धारित समय का इंतजार करते हुए जनमानस देखा गया। विशेष रूप से आम जनता और पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल,***

नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे के बीच के महत्त्वपूर्ण माध्यम में विश्वास, त्वरित समाधान और सुशासन भी नजर आया। आज विभिन्न वार्डो के निवासीयो ने अपनी मूलभूत सहित अनेको समस्याओ पर लिखित शिकायत दर्ज करायी। जिस पर गंभीरता से ध्यान देकर समाधान के विषय मे तेज कदम भी बडाये गये। जनता दरबार मे मप्र पेन्शर्स संघ वारासिवनी द्वारा वार्ड दो में विभिन्न कार्यो के लिए भवन की मांग की गयी। इस प्रस्ताव को जिलाधीश को भेजकर प्रक्रिया में लेकर भवन निर्माण की सोच नपा परिषद द्वारा रखी गयी। गौरतलब है की पेन्शर्स संघ वारासिवनी की सोच है की उनके विभिन्न कार्यो के लिये उनकी संस्था का भी नगर मे एक भवन होना चाहिये। आज बकायदा एक खाली जमीन का हवाला देकर उन्होने अपनी मांग पर समाधान की उम्मीद नपा परिषद से कायम रखी। शुरुवाती पलो में वार्ड 4 में वंदना सदन के सामने से ग्रहयोग परिसर तक पहुच मार्ग में दोनों पक्षो श्री अरविंद तिवारी विरुद्ध श्री सुरेश दीक्षित विषय मे नपा परिषद ने न्यायालीन निर्णय को आधार बनाकर अंतिम नोटिश के बाद कार्यवाही के संकेत भी दिए। गौरतलब है की इस विषय मे अनेको बाद दोनो पक्षो ने नपा परिषद आकर अपने अपने तर्को को उचित करार दिया था। इसी तरह वार्ड तीन में भाई दीपक जैन से भाई बाली देशपांडे के घर तक नाली निर्माण के बाद शिवू विक्टर के घर के पास नाली निर्माण के निर्देश प्रदान कर निकट की अन्य नाली निर्माण की तकलीफो को दूर करने के लिए भाई बाली देशपांडे के अनुभव का लाभ लेने की सोच भी देखी गयी। दूसरी ओर बरसात के मौसम को करीब देखकर वार्ड 4,6,11 और 14 में भी नाली निर्माण की जनता की मांग पर नपा परिषद ने गम्भीरता दिखाकर जनविश्वास को बढ़ाने का कार्य किया। वार्ड 6 से मनोनीत पार्षद श्रीमती दीपलता देशमुख ने महिला टीम के साथ आकर वार्ड में नाली की समस्या के लिए जनता दरबार चर्चा भी की।

वंही मनोनीत पार्षद श्री मनोज लिल्हारे के जन्मदिवस पर परिषद ने शुभकामनाएं भी प्रदान की। आज जनता दरबार मे विशेष रूप से नपा के पार्षदगण, मुख्य अधिकारी, उपयंत्रीगण व वार्डो के प्रभारीयो के साथ समूचा अमला सक्रिय भी नजर आया।

# किसानों को दी गई आधुनिक तकनीक की जानकारी..



जगप्रेरणा तिरोड़ी।

कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 जून 2026 को बालाघाट जिले की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में पूर्व सरपंच श्री आनंदराव बरमैया के 3 एकड़ खेत में सुपर सीडर मशीन के माध्यम से धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) पद्धति का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक किसानों को खेत पर आमंत्रित कर डीएसआर तकनीक के व्यावहारिक पहलुओं एवं इसके लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति धान उत्पादन की एक आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक है, जिसमें धान की नर्सरी तैयार करने और रोपा लगाने की आवश्यकता नहीं होती। इस विधि से सीधे खेत में बीजों की बुवाई की जाती है, जिससे समय, श्रम और लागत में उल्लेखनीय कमी आती है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि पूर्व सरपंच श्री आनंदराव बरमैया के खेत में सुपर सीडर मशीन से की गई बुवाई का प्रदर्शन किसानों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। किसानों को मशीन की कार्यप्रणाली, बीज की समान दूरी पर बुवाई, कम समय में अधिक क्षेत्र की बुवाई तथा मिट्टी की संरचना को बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर पद्धति अपनाने से सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता कम होती है, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। इसके अलावा मजदूरों पर निर्भरता घटने से उत्पादन लागत में कमी आती है और किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर बुवाई एवं उचित खरपतवार प्रबंधन के माध्यम से इस तकनीक से बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को खेत में ले जाकर डीएसआर विधि से बुवाई की पूरी प्रक्रिया दिखाई गई तथा इसके आर्थिक एवं तकनीकी लाभों की जानकारी दी गई। किसानों ने इस आधुनिक तकनीक के प्रति रुचि दिखाई और इससे जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला और कई किसानों ने आगामी खरीफ सीजन में अपने खेतों में डीएसआर पद्धति से धान की बुवाई करने की सहमति जताई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया।

कृषि विभाग के अनुसार जिले में धान उत्पादन को अधिक लाभकारी, टिकाऊ एवं संसाधन-संरक्षण आधारित बनाने के लिए डीएसआर तकनीक को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। तिरोड़ी में आयोजित यह प्रदर्शन किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोडने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।

# जिले के सरकारी विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में बड़ा कदम, जिला पंचायत एवं ओपनलिंक्स फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता..

## शिक्षा गुणवत्ता और जीवन कौशल विकास पर रहेगा फोकस



जगप्रेरणा बालाघाट। ***बालाघाट जिले के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने तथा विद्यालयों को उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है।***

इसी क्रम में जिला पंचायत बालाघाट एवं ओपनलिंक्स फाउंडेशन के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफके मार्गदर्शन में शुरू की गई यह पहल जिले में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन), जीवन कौशल विकास, शिक्षक सशक्तिकरण तथा तकनीक आधारित शैक्षणिक प्रबंधन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस साझेदारी के अंतर्गत ओपनलिंक्स फाउंडेशन द्वारा विकसित विनोबा ऐप के माध्यम से विद्यालयों, शिक्षकों और प्रशासन को डेटा आधारित मॉनिटरिंग, प्रगति विश्लेषण एवं शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। ऐप की सहायता से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा तथा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर उनकी शैक्षणिक कमजोरियों की पहचान कर समयबद्ध सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

एफएलएन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की भाषा एवं गणितीय दक्षताओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जीवन कौशल आधारित गतिविधियों का संचालन भी किया जाएगा, जिससे उनमें आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता, नेतृत्व गुण एवं सामाजिक व्यवहार का विकास हो सके।

विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ÷नन्हे सितारे÷ कार्यक्रम भी संचालित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को कविता पाठ, कहानी वाचन, भाषण, चित्रकला तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनकी अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। शिक्षकों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का नियमित रूप से सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। इससे विद्यालयों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण निर्मित होगा तथा शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखने को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 14 एवं 15 मई 2026 को जिले के सभी 10 विकासखंडों में विनोबा कार्यक्रम एवं एफएलएन मूल्यांकन प्रक्रिया पर दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस प्रशिक्षण में कुल 2,120 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 1,869 शिक्षक एवं 107 प्रधानाध्यापक शामिल थे। प्रशिक्षण का संचालन ओपनलिंक्स फाउंडेशन के 10 प्रशिक्षकों द्वारा किया गया तथा इसमें डीपीसी, एपीसी, बीआरसी एवं सीआरसी टीमों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

जिला प्रशासन एवं ओपनलिंक्स फाउंडेशन का यह संयुक्त प्रयास बालाघाट जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने तथा शासकीय विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी पहल माना जा रहा है। इससे न केवल बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार होगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाने में भी सहायता मिलेगी।

# राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत बगड़मारा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने, डीएसआर तकनीक और बीज उपचार के लाभों की दी जानकारी





जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में किसानों को प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार 16 जून 2026 को किरनापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत बगड़मारा में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग, धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक, हरी खाद, बीज उपचार तथा नरवाई प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता है। इससे खेती की लागत कम होती है, भूमि की उर्वराशक्ति बढ़ती है तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित उत्पादन प्राप्त होता है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से बचने तथा संतुलित मात्रा में खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की।

कार्यक्रम में किसानों को धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) पद्धति के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि डीएसआर तकनीक से पानी, श्रम और लागत की बचत होती है तथा फसल उत्पादन में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। साथ ही खेतों में हरी खाद के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार एवं जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाने के संबंध में भी जानकारी दी गई।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को केवल प्रमाणित एवं शासकीय स्त्रोतों से उपलब्ध बीजों का ही उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गुणवत्तायुक्त बीज बेहतर अंकुरण, रोग प्रतिरोधक क्षमता और अधिक उत्पादन सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही बीज उपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उपचारित बीजों से फसलों को प्रारंभिक अवस्था में लगने वाले रोगों एवं कीटों से सुरक्षा मिलती है तथा पौधों की वृद्धि बेहतर होती है।

कार्यक्रम में खेत बचाओ अभियान के तहत नरवाई प्रबंधन पर भी विशेष चर्चा की गई। किसानों को फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका वैज्ञानिक प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी के लाभकारी सूक्ष्मजीव नष्ट होते हैं और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसके स्थान पर अवशेषों का उपयोग जैविक खाद एवं भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों का पंजीयन भी किया गया तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेती से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंत में किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाकर टिकाऊ कृषि की दिशा में आगे बढने का आह्वान किया गया, जिससे खेती लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिल सके।

# कलेक्टर ने ली जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक, चिन्नौर चावल को वैश्विक पहचान दिलाने पर जोर..

## जिले के कृषि उत्पादों की निर्यात संभावनाओं पर हुई चर्चा

जगप्रेरणा बालाघाट। ***जिले से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने तथा किसानों और व्यापारियों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में मंगलवार 16 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला निर्यात संवर्धन समिति की समीक्षा*** बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रमुख कृषि उत्पादों की निर्यात संभावनाओं, निर्यात प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों तथा शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले, उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय सहित जिले के प्रमुख कृषि व्यापारी, निर्यातक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में जिले की विशेष पहचान बन चुके चिन्नौर चावल के उत्पादन एवं निर्यात को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिन्नौर चावल अपनी विशिष्ट सुगंध, स्वाद और गुणवत्ता के कारण राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में विशेष पहचान बनाने की क्षमता रखता है।

इसे वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए सुनियोजित रणनीति तैयार की जाए तथा अधिक से अधिक किसानों को चिन्नौर धान की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों, व्यापारियों और निर्यातकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर चिन्नौर चावल के उत्पादन क्षेत्र का विस्तार किया जाए। साथ ही इसकी गुणवत्ता, ब्रांडिंग और विपणन पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जिले के इस विशिष्ट उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाया जा सके। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। व्यापारियों एवं निर्यातकों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आधुनिक प्रोसेसिंग, आकर्षक पैकेजिंग और प्रभावी ब्रांडिंग के माध्यम से कृषि उत्पादों का मूल्य बढ़ाया जा सकता है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बैठक में निर्यात प्रक्रिया के दौरान आने वाली तकनीकी, प्रक्रियागत एवं दस्तावेजी समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

व्यापारियों ने निर्यात लाइसेंस, गुणवत्ता प्रमाणन, कस्टम क्लीयरेंस तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों से संबंधित चुनौतियों से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि निर्यातकों एवं व्यापारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण, कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि इन कार्यशालाओं में निर्यात से जुड़े सभी आवश्यक पहलुओं जैसे निर्यात लाइसेंस, कस्टम प्रक्रिया, गुणवत्ता मानक, पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांगों की विस्तृत जानकारी दी जाए, ताकि जिले के व्यापारी वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के साथ अपने उत्पादों का निर्यात कर सकें।

बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं निर्यातकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और जिले से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री मीना ने सभी सुझावों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि बालाघाट जिले को कृषि निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

## ।। आम सूचना ।।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता रामधन बुर्डे चैतराम बुर्डे जाति कोष्ठी साकिन वार्ड नं13 वारासिवनी जिला बालाघाट के आधिपत्य मालिकी व कब्जे की कृषि भूमि ग्राम खापा प ह न 23 रा नि म. व तह0 वारासिवनी जिला बालाघाट खसरा नं 857/2, 859, 857/4, 860/1, रकबा 0.809हे0 (2एकड) कृषि भूमि एवं मेरे काका कमल बुर्डे के साथ मेरे पिता की सामिल सरिक कृषि भूमि खसरा नं 662/4 रकबा 0.198हे0 खसरा नं 663/3/ग रकबा 0.457हे0 एवं खसरा नं 366 / 2 रकबा 0.013हे0 कुल 0.667 हे0 (1 एकड़ 67 डिस.) है जिसमे से आधी कृषि भूमि अर्थात 86 डिस. भूमि मेरे पिता के हक हिस्से की है इस प्रकार कुल 2एकड़ 88 डिस कृषि भूमि है।

मेरे पिता रामधन बुर्डे अपनी सम्पूर्ण कृषि भूमि को तुरंत बिकी करना चाह रहे है किन्तु उनके हम सभी सात वैधानिक वारसानो की उपरोक्त कृषि भूमि को बिक्री करने मे कोई अनुमति या सहमति नही है अत ऐसी स्थिति मे इस आम सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति को बगैर रामधन बुर्डे के वैधानिक वारसानो की अनुमति व सहमति के कोई खरीदने का प्रयास ना करे अन्यथा उनका सौदा अथवा ब्याना राशि की कोई जिम्मेदारी सूचनाकर्ता/वैधानिक उत्तराधिकारीयो की नही रहेगी।

वारासिवनी
दिनांकः- 17.06.2026

सूचनाकर्ता
विनोद बुर्डे वल्द रामधन बुर्डे साकिन वार्ड नं 13 वारासिवनी जिला बालाघाट
मो. नं 8516817103

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800




जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# बालाघाट में जिला राजपूत क्षत्रिय सभा द्वारा आज धुमधाम से मनाई जायेगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती..

● जिला राजपूत क्षत्रिय सभा अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने की आयोजित सामाजिक मिलन समारोह

● प्रतिभा सम्मान एवं भव्य वाहन रैली में संपूर्ण राजपूत समाज बंधुओं से भव्य उपस्थिति की अपील..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला राजपूत क्षत्रिय सभा, बालाघाट द्वारा ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि आज 17 जून को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती धुमधाम से***

सामाजिक मिलन समारोह, प्रतिभा सम्मान एवं भव्य वाहन-बाइक रैली के आयोजन के साथ श्री महाराणा प्रताप राजपूत समाज भवन मोतीनगर में धुमधाम से मनाई जायेगी। आयोजित कार्यक्रमों के संबंध में श्री राजपूत क्षत्रिय सभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज के सभा भवन में आज 17 जून को दोपहर बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें भूमि दानदाता पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन एवं पूर्व विधायक अशोक सिंह सरसवार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा एवं सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपूत क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा करेंगे।

## निर्धारित समयानुसार किये जाएंगे यह कार्यक्रम..

श्री राजपूत क्षत्रिय सभा की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती पर समाज भवन में समारोह का आयोजन दोपहर 2 बजे से होगा। इसके उपरांत दोपहर 3 बजे से श्री राणा हनुमान सिंह फाऊंडेशन की ओर से 10 वीं एवं 12 वी के प्रतिभावान बच्चों का पुररुकृत किया जायेगा। शाम 5 बजे भव्य बाईक रैली निकाली जायेगी, तो वहीं शाम 5.30 बजे महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। इसके उपरांत शाम 6 बजे स्नेह भोज का कार्यक्रम संपन्न होगा।

## भव्य उपस्थिति की अपील..

श्री राजपूत क्षत्रिय सभा के संगठन मंत्री मुकेश सिंह चौहान, जिला सचिव यशवंत सिंह बैस, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह चंदेल, जिला महामंत्री श्री सुरजीत सिंह ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती मधुदेवी राठौर एवं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर सहित जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारीयों ने संपूर्ण जिले भर से समाज बंधुओं की उपस्थिति की अपील की है।

# हमारे और देश के आराध्य राजा भोज पर की गई कंकर मुंजारे की टिप्पणी आपत्तीजनक..

## पवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन ने की मुंजारे के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर में गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए गए ओवरब्रीज का नामकरण राजाभोज के नाम पर किये जाने पर आपत्ती दर्ज करने के साथ ही पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने यह कह डाला कि राजा भोज को कौन पहचानता है, उनका बालाघाट से क्या लेना देना है, इस तरह की मुंजारे की***

बयानबाजी से संपूर्ण देश में पवार समाज आहत हुआ है, और हमारी मांग है कि कंकर मुंजारे अपने बयान के लिये पवार समाज से माफी मांगे, अन्यथा हम 18 जून को संपूर्ण देशव्यापी आंदोलन के तहत कंकर मुंजारे पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग करेंगे, यह बात आज बालाघाट में सर्किट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पंवार समाज जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन ने कही।

विशाल बिसेन ने कहा कि हम सभी समाज का सम्मान करते हैं। सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। हमारे लिये सभी धर्म और समाज के आराध्य सम्माननीय हैं, लेकिन यह बड़े ही दुख और शर्म की बात है कि एक वरिष्ठ जननेता के रुप में पहचान बनाने वाले कंकर मुंजारे अब समाजों के बीच दूरियां पैदा करने का और समाजों को आपस में लड़ाने का काम करने का प्रयास कर रहे हैं, जिस पर निश्चित ही कार्यवाही की जानी चाहिये। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विशाल बिसेन ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा गर्रा ओवरब्रीज का प्रस्ताव लेकर उसका नामकरण राजाभोज के नाम पर किया गया, जिस पर एक तरफ आपत्ती दर्ज करना भी समाज की भावनाओं को आहत करना है, वहीं दूसरी तरफ राजा भोज के लिये यह कहना कि राजा भोज को कौन पहचानता है, बालाघाट से उनका क्या संपर्क और प्रभाव था, इस तरह की टिप्पणी आपत्तीजनक और कार्यवाही योग्य है।


विशाल बिसेन ने कहा कि राजा भोज को लेकर मुंजारे की प्रतिक्रया से संपूर्ण समाज आहत हुआ है। राजाभोज हमारे समाज के आराध्य हैं, और वे संपूर्ण हिन्दु समाज के भी आराध्य हैं। राजाभोज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। पुरा देश और पुरी दुनिया उनके बारे में जानती है, और चक्रवर्ती राजाभोज का सम्मान करती है। ऐसे वीर, धर्म, अध्यात्म के प्रणेता और पूरी दुनिया को दिशा देने वाले राजा भोज के नामकरण पर आपत्ती दर्ज करने से तथा राजाभोज पर की गई तुच्छ टिप्पणी से पवार समाज विशेष रुप से आहत हुआ है, इसलिये कंकर मुंजारे पर सामाजिक भावनाएं आहत करने का अपराध दर्ज किया जाना चाहिये, और उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिये।

# बालाघाट जिले में 17 से 21 जून तक हल्की वर्षा और तेज हवाओं की संभावना

**जगप्रेरणा बालाघाट। भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 17 जून से 21 जून 2026 के दौरान मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस अवधि में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हल्के बादल छाए रहने, हल्की वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने तथा आंधी-तूफान के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई एवं कृषि विज्ञान केंद्र, बडग़ांव- बालाघाट द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस अवधि में हवा की गति लगभग 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विशेषज्ञों ने नागरिकों एवं किसानों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।**

पूर्वानुमान के अनुसार आगामी पांच दिनों में जिले का अधिकतम तापमान 39.3 से 39.8 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं सुबह के समय वातावरण में 49 से 50 प्रतिशत तथा दोपहर के समय 33 से 37 प्रतिशत तक सापेक्षिक आर्द्रता (नमी) बनी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दक्षिण दिशा से लगभग 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने की संभावना है। हालांकि आंधी-तूफान की स्थिति में हवा की गति अचानक बढ़ सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र बडग़ांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने जिले के किसानों को सलाह दी है कि मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाएं। धान की बुवाई, बीज उपचार एवं अन्य खरीफफसलों से संबंधित कार्य मौसम की स्थिति को देखकर करें। तेज हवा और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए किसान खुले खेतों में अनावश्यक रूप से न रुकें तथा कृषि उपकरणों एवं पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# 21 जून को 08 केन्द्रों पर होगी नीट परीक्षा, 3112 परीक्षार्थी होंगे शामिल..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में 21 जून 2026 को नीट प्रवेश परीक्षा का आयोजन 08 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा में कुल 3112 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर 02 बजे से 05 बजे तक आयोजित की जाएगी, जबकि सभी परीक्षार्थियों को प्रातः 11 बजे तक अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा।***

संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस परीक्षा के लिए जिले में कुल 08 केंद्र बनाये गए है। परीक्षा केंद्र सीएम राइज सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में 600, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ी में 232, कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में 240, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 480, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 240, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 480, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली में 360 तथा जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। साथ ही परीक्षार्थियों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की स्टेशनरी सामग्री जैसे पेपर, कंपास बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेनड्राइव, राइटिंग पैड, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन तथा संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर आदि लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षार्थियों को वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग, बेल्ट, घड़ी, ब्रेसलेट, कैमरा, धातु के आभूषण एवं खाद्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षार्थियों को साधारण कपड़े पहनकर तथा पैरों में कम हील की चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। वे अपने साथ केवल पारदर्शी पानी की बोतल ला सकते हैं। प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की है।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मुलना स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय भव्य आयोजन

## योग संगम पोर्टल पर संस्थाओं का पंजीयन अनिवार्य, सुबह 6 बजे से होगा सामूहिक योगाभ्यास


अधिक से अधिक लोगों से योग के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

जगप्रेरणा बालाघाट।

***12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को बालाघाट जिला मुख्यालय स्थित मुलना स्टेडियम में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है और इसके लिए व्यापक स्तर पर***

तैयारियां की जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 16 जून को कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले की सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, खेल एवं स्वयं सेवी संस्थाओं एवं संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ जिला आयुष अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार पंद्रे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, श्री तपेश असाटी, आयुष विभाग के चिकित्सक, अशासकीय शालाओं के प्राचार्य, खेल संगठनों के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम मुलना स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री मीना ने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे सामूहिक योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे का प्रयास करें ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि योग एक ऐसी विद्या है जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए। यह केवल एक दिन करने की विधा नहीं है, बल्कि इसे प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग करने से व्यक्ति मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से स्वस्थ रहता है।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने कहा कि योग करने से हम सभी निरोग रहते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे 21 जून को होने वाले विश्वस्तरीय कार्यक्रम में अपने-अपने स्तर पर लोगों को जोडऩे के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि यह आयोजन सफल हो सके। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने की अपील की है। आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र उइके ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन एवं प्रतिभागियों के आंकड़ों के संकलन के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ÷योग संगम÷ पोर्टल प्रारंभ किया गया है। जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालय, महाविद्यालय, शासकीय कार्यालय, बैंक, गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) तथा निजी संस्थानों को 21 जून के पूर्व अपनी संस्था का पंजीयन योग संगम पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट द्धह्लह्लश्चह्य://4 शद्दड्ड.ड्ड4ह्लह्यद्ध. द्दश1.द्बठ्ठ/4शद्दड्ड- ह्यड्डठ्ठद्दड्डद्व पर अनिवार्य रूप से कराना होगा। उन्होंने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद संबंधित संस्थाओं को अपनी जानकारी आयुष विभाग बालाघाट के व्हाट्सएप नंबर 9926378331 पर भी साझा करनी होगी, जिससे जिले की सहभागिता का समुचित रिकॉर्ड तैयार किया जा सके। बैठक में तय किया गया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ 21 जून को प्रातः 6 बजे मुलना स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएं, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में योग प्रेमी शामिल होंगे। सभी प्रतिभागी कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया है। साथ ही जिन संस्थाओं या व्यक्तियों के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है, उनसे अपने स्तर पर योग सत्र आयोजित करने की अपील की गई है।

आयुष विभाग ने बताया कि कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद आयोजित योग गतिविधियों के फोटो एवं वीडियो निर्धारित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपलोड किए जाएंगे, जिससे जिले की सहभागिता राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित हो सके। बैठक में उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। 21 जून के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए इसका व्यापक स्तर पर उपलब्ध सभी माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता बताई गई।

# कलेक्टर मृणाल मीना ने खाद्य, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की समक्ष में की सुनवाई..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 16 जून को खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सीएम हेल्पलाईन की 200 से***

अधिक दिनों की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्त्ता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी से समक्ष में चर्चा कर शिकायत के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली और लंबित शिकायतों को बंद करने के निर्देश दिये। किरनापुर तहसील के तुलसीराम बावनकर, वारासिवनी तहसील के किशोर कुमार एवं बालाघाट तहसील के ग्राम केशलेवाड़ा के प्रदीप द्वारा खाद्यान्न पर्ची नहीं मिलने एवं खाद्यान्न पात्रता पर्ची में नाम नहीं जोड़े जाने की शिकायत की गई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान बताया गया कि किशोर कुमार एवं प्रदीप की शिकायत का समाधान हो चुका है और उसे बंद करा दिया गया है। तुलसीराम की शिकायत का भी निराकरण कर दिया गया है। इस पर उनकी शिकायत को भी शीघ्र बंद कराने के निर्देश दिये गये।

कटंगी तहसील के ग्राम बोरीखेड़ा (मा) के रामदयाल, बिरसा के ओमलाल दांदरे एवं बालाघाट तहसील के ग्राम मंझारा के मुकेश कुमार चौरे द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की गई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि उनके प्रकरण में आवेदक महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि माह मार्च 2026 में प्राप्त हो गई है। लेकिन योजना के पोर्टल पर यह प्रदर्शित नहीं हो रही थी। संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा शिकायतकर्त्ता को बैंक खाते में जमा राशि का विवरण दिखाया गया है। जिस पर इन तीनों शिकायतों को बंद कराया गया। कमला टेंभुर्ने, भुवनेश्वरी लिल्हारे एवं रूखमणी निषाद का वर्ष 2024 में जिला चिकित्सोलय में प्रसव हुआ था। लेकिन इन तीनों महिलाओं को संबल योजना के अंतर्गत मिलने वाली प्रसूति सहायता योजना की राशि नहीं मिलने की शिकायत की गई थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान डॉ ऋत्विक पटेल ने बताया कि इन तीनों महिलाओं के खाते में प्रसूति सहायता की राशि जमा करा दी गई है। जिस पर इन तीनों शिकायतों का निराकरण हो जाने के कारण उन्हें बंद कराने के निर्देश दिये गये।




जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# 'तारे जमीन पर' के ईशान का भाई निकला जीनियस, एक्टिंग छोड़ डेंटिस्ट बने सचेत, UK में जमाया डेरा, अब कर रहे पायलट बनने की तैयारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*2007 में आमिर खान की एक फिल्म रिलीज हुई 'तारे जमीन पर', जो इस साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म में अभिनय करने के साथ-साथ आमिर ने इसका निर्देशन भी किया था*



और इसने बड़ों के साथ-साथ बच्चों के दिलों में भी खास जगह बनाई। आमिर खान के अलावा इस फिल्म में टिस्का चोपड़ा और विपिन शर्मा जैसे कलाकार भी नजर आए थे और दर्शील सफारी ने ईशान अवस्थी की भूमिका से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। 'तारे जमीन पर' में एक और चाइल्ड एक्टर नजर आया था,

जिनका नाम सचेत इंजीनियर है। सचेत ने फिल्म में ईशान के बड़े भाई की भूमिका निभाई थी, जो अब बड़े पर्दे से दूर हो चुके हैं। एक तरफ जहां दर्शील ने अभिनय की दुनिया में अपने कदम जमाए रखने की कोशिश जारी रखी तो वहीं सचेत ने लाइमलाइट से दूरी बनाए रखी और बिलकुल अलग रास्ता चुना। इंडस्ट्री के कुछ बड़े नामों के साथ स्क्रीन शेयर करने के बाद सचेत ने एक सफल करियर बनाया है।

## डेंटिस्ट बने सचेत इंजीनियर..

'तारे जमीन पर' में योहान अवस्थी की भूमिका में नजर आए सचेत इंजीनियर ने सालों पहले ही एक्टिंग छोड़ दी थी और अपना पूरी ध्यान अपनी पढ़ाई पर शिफ्ट कर दिया। एक्टिंग छोड़ने के साथ-साथ सचेत भारत भी छोड़ चुके हैं और अब वह च में रहते हैं और एक डेंटिस्ट के तौर पर काम करते हैं। यही नहीं, अब सचेत अपना एक और सपना पूरा करने में जुटे हैं। डेंटिस्ट बनने के बाद अब सचेत लाइसेंस्ड पायलट बनने की ट्रेनिंग ले रहे हैं। यानी जल्दी ही वह एक पायलट बन जाएंगे।

## सचेत इंजीनियर की पढ़ाई..

सचेत ने 'तारे जमीन पर' जैसी सफल और क्लासिक फिल्म में काम करने के बाद भी पढ़ाई को चुना और अपना पूरा ध्यान हायर एजुकेशन और प्रोफेशनल ग्रोथ में लगा दिया। उनके लिंक्डइन प्रोफ़ाइल को देखा जाए तो उन्होंने पेरियोडोंटोलॉजी में स्पेशलाइज़ेशन किया है और लंदन के **UCL** ईस्टमैन डेंटल इंस्टीट्यूट से **M.Clin.Dent** की डिग्री प्राप्त की है। सचेत यूरोपियन फेडरेशन ऑफ पेरियोडोंटोलॉजी से भी जुड़े हैं। उन्होंने ओवरसीज़ रजिस्ट्रेशन एग्जामिनेशन के दोनों हिस्से पास करके **UK** में डेंटिस्ट्री की प्रैक्टिस करते हैं। सचेत ने **DY** पाटिल यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया और पेरियोडोंटोलॉजी में गोल्ड मेडल हासिल किया था।

## तारे जमीन में निभाया था योहान अवस्थी का किरदार..

'तारे जमीन पर' में सचेत इंजीनियर ने ईशान (दर्शील सफारी) के बड़े भाई, योहान अवस्थी का किरदार निभाया था। योहान एक ऐसा लड़का था जो हर चीज में बेहतर होता है। योहान पढ़ाई में अव्वल होने के साथ-साथ खेल-कूद में बी माहिर होता है और अपने छोटे भाई के प्रति जिम्मेदारी का भी गहरा एहसास उसे होता है।

तारे जमीन पर में दोनों भाइयों के बीच जमीन-आसमान का अंतर दिखाया गया था। जहां, योहान एक आदर्श छात्र होता है, जो आसानी से हर चीज में सफल हो जाता है तो वहीं ईशान को हर चीज में मुश्किल आती है।

# अफगानिस्तान ए के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगा भारत ए..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*लगातार दो हार के बाद आईपीएल सितारों से सजी भारतीय टीम बुधवार को यहां अफ़ग़ानिस्तान ए के खिलाफहोने वाले त्रिकोणीय श्रृंखला के करो या मरो के मुकाबले में जीत के साथ वापसी की कोशिश करेगी।*



टूर्नामेंट में मेजबान श्रीलंका ए सहित सभी तीन टीम एक दूसरे के खिलाफ दो-दो मैच खेलेंगी जिसके बाद फाइनल में पहुंचने वाली दो टीम तय होंगी। दो हार ने भारतीय टीम पर दबाव जरूर बढ़ाया है लेकिन अफ़ग़ानिस्तान ए के खिलाफजीत से फाइनल में पहुंचने की टीम की उम्मीदें बढ़ जाएंगी। मेजबान श्रीलंका तीन मैच में दो जीत और एक हार से चार अंक तथा 0.494 के नेट रन रेट के साथ सबसे ऊपर है जिससे भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच मुकाबला काफी महत्वपूर्ण हो गया है।

भारत और अफगानिस्तान दोनों के समान दो-दो अंक हैं। भारत हालांकि अफगानिस्तान के माइनस 1.392 के मुकाबले 0.032 के बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम को अधिक मजबूती दिखानी होगी और उम्मीद करनी होगी कि खराब मौसम उनके मौकों में रुकावट नहीं डाले।

अफ़ग़ानिस्तान ए की टीम अगर कल जीत दर्ज करती है तो भारत ए का सफर टूर्नामेंट में खत्म हो जाएगा। हालांकि हार के बावजूद अफ़ग़ानिस्तान के पास मौका होगा और अगर वह अगले मैच में मेजबान टीम को हरा देता है तो फिर तीनों टीम के चार अंक हो जाएंगे और ऐसी स्थिति में नेट रन रेट महत्वपूर्ण हो जाएगा।

भारत ए ने अफ़ग़ानिस्तान ए के खिलाफ पिछले मैच में नौ विकेट पर 349 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। अफगानिस्तान ए ने हालांकि 25.5 ओवर में दो विकेट पर 177 रन बनाने के बाद डकवर्थ लुईस पद्धति से मैच चार रन से जीत लिया। भारतीय टीम अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने में नाकाम रही है। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में भी श्रीलंका ए के खिलाफ आठ रन की जीत के दौरान टीम को काफी संघर्ष करना पड़ा था।

सोमवार को कम रोशनी के बीच हुए सुपर ओवर में हार के बाद युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका ए के कुगाथस मथुलन के बीच हुई बहस ने टूर्नामेंट में रोमांच भर दिया है। सुपर ओवर में 17 रन का पीछा करते हुए भारतीय टीम सिर्फ नौ रन ही बना सकी। ओवर की आखिरी तीन गेंद का सामना सूर्यवंशी ने किया। सूर्यवंशी जब

अपने जोड़ीदार सूर्यांश शेडगे के साथ मैदान से वापस लौट रहे थे तो वह श्रीलंकाई खिलाड़ियों के उस समूह की ओर मुड़े जो जोर-शोर से जश्न मना रहा था और इसी वजह से बहस हो गई।

सूर्यवंशी से उम्मीद थी कि वह आईपीएल की अपनी फॉर्म को त्रिकोणीय श्रृंखला में भी जारी रखेंगे लेकिन सूर्यवंशी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं। अब तक उन्होंने 14, 44 और 21 रन बनाए हैं। बुधवार को होने वाला मुकाबला उन्हें अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका देगा। ऋतुराज गायकवाड़ का प्रदर्शन भारत ए के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 68 की औसत से 204 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनके साथ कप्तान तिलक वर्मा (149) का योगदान भी जरूरी होगा जिन्होंने अब तक तीन मैच में दो अर्धशतक लगाए हैं। शेडगे, प्रभसिमरन सिंह

और विपराज निगम ने भी एक-एक अर्धशतक लगाया है। अरशद खान, अनुकूल रॉय और आयुष बडोनी ने अब तक तीन मैच में चार-चार विकेट लिए हैं लेकिन इस प्रतियोगिता में विरोधी खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस बीच भारत ए ने चोटिल युद्धवीर सिंह की जगह तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया है।

अफगानिस्तान ए ने भारत ए को हराया था लेकिन श्रीलंका ए के खिलाफ उसे आठ विकेट की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम इस प्रकार हैः तिलक वर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, कुमार कुशाग्र, वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह, अंशुल कंबोज, अनुकूल रॉय, निशांत सिंधू, सूर्यांश शेडगे, अरशद खान, अशोक शर्मा, विपराज निगम और यश ठाकुर। समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

# क्या सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े हैं संचिता उगाले की मौत के तार? सुसाइड के बाद भाई ने जोड़ा कनेक्शन..

डेस्क जगप्रेरणा।

*टीवी की फेमस एक्ट्रेस संचिता उगाले ने दो दिन पहले रविवार को आत्महत्या कर ली। 22 साल की उम्र में ही संचिता उगाले ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मौत ने फैंस के साथ ही पूरी टीवी इंडस्ट्री को चौंका दिया है।*



इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार की ओर से रिएक्शन भी सामने आने लगे हैं। एक्ट्रेस संचिता उगाले के भाई आकाश सतीश उगाले ने कुछ हैरान करने वाले दावे किए हैं। उन्होंने पूरे मामले को सुशांत सिंह राजपूत केस से लिंक करने की कोशिश की और बताया कि दोनों ही मामलों में कई समानताएं हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनकी बहन के सुसाइड का कनेक्शन सुशांत सिंह राजपूत की मौत से हो सकता है।

## संचिता पर प्रेशर का भाई ने किया जिक्र..

मीडिया से बातचीत में आकाश ने दावा किया कि संचिता और सुशांत दोनों पर इंडस्ट्री की तरफ से बहुत ज्यादा प्रेशर था, इसके कारण ही दोनों ने ये मुश्किल कदम उठाए। उन्होंने इसे एक इत्तेफाक भी बताया, 'दोनों की मौत 14 जून को हुई, बस दोनों में छह साल का अंतर है।'

आकाश ने संचिता की आखिरी सोशल मीडिया एक्टिविटी की ओर इशारा किया, जो सुशांत सिंह राजपूत को उनकी डेथ एनिवर्सरी पर श्रद्धांजलि थी। एक्टर ने सुशांत को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम रील शेयर की थी, जिसमें लिखा था, 'आज फिर 14 जून है।'

## भाई ने जोड़े तार..

दोनों मौतों के आस-पास के हालात को याद करते हुए आकाश ने कहा, 'उन्होंने 14 जून 2020 को सुसाइड किया। क्यों? क्योंकि बॉलीवुड, इस इंडस्ट्री ने उन पर बहुत प्रेशर डाला और उसी प्रेशर की वजह से उन्होंने सुसाइड कर लिया। उसी तरह कल मेरी बहन ने भी इसी वजह से सुसाइड कर लिया, मैं यही कह रहा हूं।' उन्होंने आगे बताया कि उन्हें क्यों लगता है कि सोशल मीडिया पोस्ट का महत्व है। न्होंने कहा, 'बस 1 दिन पहले मतलब कल उसने एक इंस्टाग्राम रील पोस्ट की थी जिसमें लिखा था- यह फिर से 14 जून है। कल ही उसने आत्महत्या भी कर ली।'

## नेताओं से किया अनुरोध..

आकाश ने देश के टॉप नेताओं से भी दखल देने और अपनी बहन की मौत की पूरी जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'इसलिए मैं अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अपने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार से अनुरोध करता हूं कि कृपया इस घटना पर ध्यान दें।'

## संचिता उगले की मौत के बारे में..

संचिता उगले की रविवार 14 जून को आत्महत्या से मौत हो गई। वह 22 साल की थीं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना 14 जून को नालासोपारा ईस्ट के आचोले गांव में साई संतोषी बिल्डिंग में उनके घर पर हुई। अचोले पुलिस स्टेशन के असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर विनोद बाग ने कहा कि संचिता ने शाम 7 बजे से 7:30 बजे के बीच अपने बेडरूम में खुद को बंद कर लिया और साड़ी का इस्तेमाल करके सीलिंग फैन से लटक गई। परिवार के सदस्य और आस-पास के लोग उसे वसई-विरार म्युनिसिपल हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जरूरी कार्रवाई की।

## पिता ने दर्ज की शिकायत, पुलिस कर रही जांच..

बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने से पहले एक इन्क्वेस्ट रिपोर्ट तैयार की गई। संचिता के पिता मच्छिंद्र उगले की शिकायत के आधार पर अचोले पुलिस ने 15 जून को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता **(BNSS)** की धारा 194 के तहत एक एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट **(ADR)** दर्ज की। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि इस घटना के पीछे का सही कारण अभी तक पता नहीं चला है। अधिकारी सभी संभावित एंगल से मामले की जांच कर रहे हैं और आगे की पूछताछ चल रही है।

# निलाक्षि का अर्धशतक

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया..

डेस्क जगप्रेरणा।

*निलाक्षिका सिल्वा के नाबाद अर्धशतक से श्रीलंका ने मंगलवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप दो मैच में विषम परिस्थितियों से उबरकर गत चैंपियन न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की।*



न्यूजीलैंड के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम 55 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन निलाक्षिका (नाबाद 54, 37 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और कौशिनी नुथ्यांगना (नाबाद 24, 14 गेंद, तीन चौके) के बीच छठे विकेट की 48 रन की अटूट साझेदारी से दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 153 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। निलाक्षिका ने कविशा दिलहारी (17) के साथ भी पांचवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। कप्तान चामरी अटापट्टू ने भी 27 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड की ओर से ऑफ स्पिनर ऑफस्पिनर नैन्सी पटेल ने 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने इससे पहले कप्तान मेली केर (36 गेंद में 45 रन, पांच चौके) और सोफी डिवाइन (30 गेंद में 45 रन, चार चौके, एक छक्का) के बीच तीसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी से छह विकट पर 150 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से कवीशा दिलहारी (35 रन पर दो विकेट) दो विकेट चटकाकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। कप्तान चामरी अटापट्टू (21 रन पर एक विकेट), मिताली अयोध्या (24 रन पर एक विकेट), निमाशा मीपागे (26 रन पर एक विकेट) और सुगंधिका कुमारी (28 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए चामरी और विशमी गुणारत्ने (17) ने धीमी शुरुआत की। दोनों ने शुरुआती चार ओवर में सिर्फ 16 रन जोड़े।

चामरी ने पांचवें ओवर में जेस केर पर छक्के और दो चौकों से 16 रन जोड़कर तेवर दिखाए। उन्होंने अगले ओवर में ब्री इलिंग पर भी चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गईं।

विशमी ने भी इलिंग पर लगातार दो चौके जड़े लेकिन नैन्सी की गेंद पर प्लिमर के हाथों लपकी गईं। हसिनी परेरा (02) गैर जरूरी दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हुईं जबकि नैन्सी ने हर्षिता समरविक्रम (05) को बोल्ड करके श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर 55 रन किया।

कवीशा और निलाक्षिका ने इसके बाद पारी को संभाला। निलाक्षिका ने रोजमैरी मायर पर छक्के के साथ 15वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन इसी ओवर में कवीशा उनके साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गईं। श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 46 रन की दरकार थी। निलाक्षिका को कौशिनी के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिली। दोनों ने इलिंग पर चौके मारे। निलाक्षिका ने मेली पर दो चौकों के साथ गेंद और रन के बीच के अंतर को कम किया और फिर मायर की गेंद पर एक रन के साथ 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। श्रीलंका को अंतिम ओवर में पांच रन की जरूरत थी और कौशिनी ने डिवाइन पर चौके के साथ टीम को जीत दिला दी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैड ने मैच की तीसरी गेंद पर ही इसाबेल गेज (04) को विकेट गंवा दिया जिन्होंने मिताली की गेंद पर विकेटकीपर कौशिनी नुथ्यांगना को कैच थमाया। कप्तान मेली और सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (18) ने इसके बाद पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 38 रन तक पहुंचाया। जॉर्जिया ने धीमी बल्लेबाजी की जबकि मेली ने मिताली पर लगातार दो चौकों के साथ तेवर दिखाए। प्लिमर ने भी काव्या काविंदी और सुगंधिका कुमारी पर चौके मारे लेकिन स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रहीं। प्लिमर अंततः स्पिनर निमाशा मीपागे की गेंद पर तेज प्रहार करने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड पर कैच दे बैठीं।

मेली और डिवाइन ने इसके बाद रन गति में इजाफा किया। दोनों ने कविशा दिलहारी पर चौके मारे। मेली ने कविशा पर डीप मिडविकेट एक और चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर इसी शॉट को दोहराने की कोशिश में काविंदी को कैच दे बैठीं। न्यूजीलैंड के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ। डिवाइन ने सुगंधिका पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर निलाक्षिका सिल्वा के हाथों लपकी गईं। मैडी ग्रीन ने अंत में 13 गेंद में दो चौकों से नाबाद 18 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 150 रन तक पहुंचाया।

# सूर्यवंशी के साथ झगड़े के लिए हालमबागे और अधिक अपील करने के लिए डिकवेला पर कार्यवाही..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*श्रीलंका के क्रिकेटर विशेन हालमबागे और सीनियर विकेटकीपर निरोशन डिकवेला पर श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) द्वारा नियुक्त मैच रैफरी प्रदीप जयप्रकाश ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की है।*



यह कार्रवाई भारत के खिलाफ त्रिकोणीय 'ए' श्रृंखला के मैच के दौरान उनके व्यवहार के कारण की गई है। सूत्रों के मुताबिक वैभव सूर्यवंशी और हालमबागे के बीच झगड़े को और बिगड़ने से रोकने वाले डिकवेला पर अधिक अपील करने के लिए कार्रवाई की गई। हालमबागे पर सुपर ओवर में जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजों के प्रति उकसावे वाली टिप्पणी करने के लिए कार्रवाई की गई जिससे 15 साल के भारतीय खिलाड़ी सूर्यवंशी के साथ लगभग हाथापाई की नौबत आ गई थी। सूर्यवंशी को हालमबागे को धक्का देना पड़ा जो तीखी बहस के दौरान उनके बहुत करीब आ गए थे। सजा क्या मिली है या अभी पता नहीं चला है। इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि सूर्यवंशी और उनके कप्तान तिलक वर्मा समेत अन्य भारतीय खिलाड़ियों को सिर्फचेतावनी देकर छोड़ दिया गया या उन पर आधिकारिक कार्रवाई की गई। तिलक समेत भारतीय खिलाड़ियों की अंपायरों के साथ लंबी बहस हुई थी और वे कम रोशनी में सुपर ओवर कराने पर ज़ोर दे रहे थे।

# विश्व कप का पहला मैच हारने के बाद ट्यूनीशियाई कोच बर्खास्त..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ट्यूनीशिया ने विश्व कप फुटबॉल के पहले मैच में स्वीडन से 1 . 5 से मिली हार के बाद कोच साबरी लामूची को बर्खास्त करके फ्रेंच कोच हर्वे रेनार्ड को नियुक्त किया। ट्यूनीशियाई फुटबॉल महासंघ ने सोशल मीडिया*

पर बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी । 54 वर्ष के लामूची को जनवरी में ही कोच बनाया गया था । इस हार के बाद ट्यूनीशिया की अंतिम 32 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है । टीम को शनिवार को जापान से और 25 जून को नीदरलैंड से खेलना है। इससे पहले 1998 विश्व कप में ग्रुप चरण में इंग्लैंड और कोलंबिया से हारने के बाद भी ट्यूनीशिया ने कोच हेनरिक कास्परजाक को हटा दिया था। ट्यूनीशिया सातवीं बार विश्व कप खेल रहा है लेकिन कभी ग्रुप चरण से आगे नहीं गया।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## बालासाहब देवरस: समाज एवं देशसेवा को जीवन समर्पित



बालासाहब देवरस का ÷बाला साहब÷ नाम उन्हें उनके परिवार और करीबी लोगों द्वारा प्यार से दिया गया एक उपनाम था, जो उनके वास्तविक नाम मधुकर दत्तात्रेय देवरस के साथ जुड़ या। बाला साहब एक लोकप्रिय मराठी शब्द है जिसका उपयोग छोटे लड़कों या प्रियजनों के लिए किया जाता है। यह उनके मिलनसार और स्नेही स्वभाव को दर्शाता है। 11 दिसम्बर 1915 को नागपुर में जन्मे बाला साहब देवरस पार्वती बाई- कृष्णराव देवरस की आठवीं संतान थे। 1925 में बालसाहेब ने शाखा जाना प्रारम्भ कर दिया। स्थायी रूप से उनका परिवार मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के आमगांव के निकटवर्ती ग्राम कारंजा का था। अभीष्ट, बाला साहब की स्मृतियां, सेवा और आयाम से प्रतिबद्ध पावन भूमि में बाल-भाऊ देवरस न्यास संचालित है। न्यास आर्थिक विकास, खेती प्रचार व प्रशिक्षण, महिला बचत गट प्रशिक्षण केंद्र, फ्लोद्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम, दुग्ध व्यवसाय प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में अरोग्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन जनकल्याण के निहितार्थ करता है।

### अनुपम सरस्वती शिशु मंदिर

दौरान, उनकी सम्पूर्ण शिक्षा नागपुर में ही हुई। न्यू इंगलिश स्कूल मे उनकी प्रारम्भिक शिक्षा हुई। संस्कृत और दर्शनशास्त्र विषय लेकर मौरिस कालेज से बालसाहेब ने 1935 में बीए किया। दो वर्ष बाद उन्होंने विधि की परीक्षा उत्तीर्ण की। विधि स्नातक बनने के बाद बालसाहेब ने दो वर्ष तक अनाथ विद्यार्थी बस्ती गृह मे अध्यापन कार्य किया। इसके बाद उन्हें नागपुर मे नगर कार्यवाह का दायित्व सौंपा गया। 1965 में उन्हें सरकार्यवाह का दायित्व सौंपा गया जो 6 जून 1973 तक उनके पास रहा। श्री गुरूजी के स्वर्गवास के बाद 6 जून 1973 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सर संघचालक के दायित्व को ग्रहण किया।

उनके कार्यकाल में संघ कार्य को नई दिशा मिली। उन्होंने सेवाकार्य पर बल दिया परिणाम स्वरूप उत्तर पूर्वाचल सहित देश के वनवासी क्षेत्रों के हजारों की संख्या में सेवाकार्य आरम्भ हुए। बालासाहब देवरस ने अपना जीवन समाज एवं देशसेवा को समर्पित कर दिया था। शिक्षा क्षेत्र में सबसे अग्रणी सरस्वती शिशु मंदिर योजना बालासाहब देवरस की ही अनुपम देन है।

### प्रसिद्धि से दूरी की वृत्ति

समर्पित, डाक्टर जी का स्वास्थ्य अधिक खराब होने के चलते बालासाहब को 1940 में कलकत्ता से वापस बुला लिया गया । देशभर के विभिन्न स्थानों पर प्रचारक भेजने की जिम्मेदारी नागपुर शाखा की ही सर्वाधिक रहती थी। स्वयंसेवक को उस हेतु गढ़ना, किसे कहाँ भेजना यह जिम्मेदारी बाला साहब उत्तम रीति से संभालते थे। डाक्टर जी के निर्देश पर 1937 से 1940 के बीच गुरूजी संघ कार्य में पूरी तरह डूब गए थे। शाखा पर होने वाले गणगीत, प्रश्नोत्तर आदि की उन्होंने ही शुरुआत की। संघ के कार्यक्रमों में मां भारती, डां हेडगेवार तथा श्री गुरुजी के चित्र लगते हैं। बालासाहब के 1973 में संघ के तीसरे सर संघचालक बनने के बाद कुछ लोग उनका चित्र भी लगाने लगे पर उन्होंने इसे रोक दिया। यह उनकी प्रसिद्धि से दूर रहने की वृत्ति का ज्वलन्त उदाहरण है।

### संघ कार्य में नये आयाम

साहसं, 1975 में संघ पर लगे प्रतिबन्ध का सामना उन्होंने धैर्य से किया। वे आपातकाल के पूरे समय पुणे की जेल में रहे; पर सत्याग्रह और फिर चुनाव के माध्यम से देश को इन्दिरा गांधी की तानाशाही से मुक्त कराने की इस चुनौती में संघ सफल हुआ। मधुमेह रोग के बावजूद 1994 तक उन्होंने यह दायित्व निभाया। इस दौरान उन्होंने संघ कार्य में अनेक नये आयाम जोड़े। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्धन बस्तियों में चलने वाले सेवा के कार्य हैं। इससे वहाँ चल रही धर्मान्तरण की प्रक्रिया पर रोक लगी।

स्वयंसेवकों द्वारा प्रान्तीय स्तर पर अनेक संगठनों की स्थापना की गई। बालासाहब ने वरिष्ठ प्रचारक देकर उन सबको अखिल भारतीय रूप दे दिया। स्वास्थ्य के कारण उन्होंने 1994 में सर संघचालक का दायित्व त्याग दिया था। अपूरणीय, बाला साहब देवरस का 17 जून 1996 को स्वर्गारोहण हुआ। प्रथम और द्वितीय सर संघचालकों का दाहसंस्कार स्वयंसेवकों ने नागपुर के रेशमबाग संघ कार्यालय में किया था। बालासाहब ने स्पष्ट कहा था कि उनका अंतिम संस्कार सामान्य व्यक्ति की भांति श्मशान में किया जाए और उनकी समाधि न बनाई जाए। उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र शब्दांजलि! साभार जीवन प्रसंग!


लेखक



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
पत्रकार व लेखक,


## ओ मेरी आंखों के सपने..

ओ मेरी आँखों के सपने, मत छलक जाना,
मंज़िलों से हारकर तू मत भटक जाना,
तू मत भटक जाना।।धृ।।

हैं रगों में जान मेरी, हौसला भी है सलामत,
हाथ के हथियार से ही मैं सँवारूँगा ये हालत।
काँच के जैसे नहीं हैं आँख के मोती ये मेरे,
इक नई आती किरण है, देख हर दिन भी सवेरे।
देख खाई देखकर तू मत अटक जाना,
तू मत अटक जाना।
मंज़िलों से हारकर तू मत भटक जाना,
तू मत भटक जाना।।

यु भले ही धूप में संघर्ष मेरा पल रहा है,
कल सफलता का सितारा भी यहीं पर जल रहा है।
वक्त की हर ठोकरों को
सीढ़ियाँ मैं कर चुका हूँ,
अपने टूटे ख़्वाब को फिर
से नया स्वर दे चुका हूँ।
ओ मेरी उम्मीद, मुझसे तू
न थक जाना,
तू न थक जाना।
मंज़िलों से हारकर तू मत
भटक जाना,
तू मत भटक जाना।।


लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र


## दशा महा दशा..

जयंती पर्व का उत्साह।
चन्दा वसूली करने।
वाले के लिए।
अति उत्तम रहता है।
इसी बहाने मंच के पीछे।
बड़ी सी फोटोग्राफदेख लीजिए।
इतना ही नहीं।
स्मृति-चिन्ह में भी यही रहेगें।
सूरत-सकल भी तो अच्छी।
होनी चाहिए।
जैसे इन्हीं का व्यक्तिगत।
समारोह हो जैसे।
बाकी सब इनके शरणार्थी।
बोलने वाला कोई नहीं है।
सबको मुट्ठी में बांध लिया है।
डरा घमका कर रखा है।
जो बोले उसकी धुनाई होती है।
यह समझ नहीं आता है।
जयंती पर्व कहे या।
बुराई पर्व कहा जाए।
सब आपस में लड़ रहे है।
चंद घंटों के लिए।
फोटोग्राफ खिंचवाकर
एकता दिखा रहे है?
जब शादी-ब्याह।
अलग-अलग जातिगत
होने लगे है।
फिर जयंती पर्व भी।
सब जाति मिलकर।
एक साथ मिलकर
मनाईए?


लेखक



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र
सिंह गहरवार 'वीर'


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 195

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 | | 7 | 8 | ■ | 9 | 10 | 11 | ■ | 12 | 13 | | 14 |
| 15 | | | | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 | | | | | ■ | |
| ■ | 20 | | | 21 | | ■ | 22 | | | ■ | 23 | 24 | | | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | ■ | ■ | 28 | | | ■ | | ■ | ■ | 29 | | | ■ | 30 | 31 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 32 | | | ■ | 33 | | 34 | 35 | | ■ | 36 | | | | | ■ | 37 | 38 |
| 39 | 40 | | ■ | 41 | 42 | | ■ | 43 | | | 44 | ■ | ■ | 45 | | ■ | 46 | | |
| 47 | | | | ■ | 48 | | | | ■ | 49 | | | ■ | 50 | | 51 | | ■ | |
| 52 | | ■ | ■ | 53 | | | ■ | 51 | | ■ | ■ | ■ | 55 | ■ | ■ | 56 | | 57 | |
| | ■ | 58 | | | | ■ | 59 | | ■ | 60 | | 61 | | ■ | 62 | | | | ■ |
| 63 | 64 | | ■ | | ■ | 65 | | | | | ■ | 66 | | 67 | | ■ | ■ | 68 | 69 |
| 70 | | ■ | 71 | ■ | 72 | | | | ■ | 73 | 74 | ■ | 75 | | | ■ | 76 | | |
| | ■ | 77 | | ■ | 78 | | | ■ | 79 | | | | ■ | 80 | | | | ■ | |
| ■ | 81 | | | ■ | | ■ | 82 | 83 | | ■ | | ■ | 84 | | | ■ | 85 | 86 | |
| 87 | | ■ | 88 | 89 | | 90 | ■ | 91 | | | ■ | 92 | | | ■ | 93 | | | ■ |
| 94 | | | | | ■ | 95 | | | | ■ | 96 | | | | ■ | 97 | | | |

ck;| |; nk;| :–1) एक तीव्र रेचक औषधी 5) लाक्षणिक रुप से संकीर्ण मनोवृत्तिवाला, कुएं का मेंढक 9) बल, शक्ति 12) जिसका हक हो 15) रात को जागकर मनाया जानेवाला उत्सव 16) आपसी समझौता 17) बलपूर्वक 19) लड़ने के लिये आवाहन करना 20) आपत्ति, बलाय 22) एक पुरानी अभिनेत्री जो फिल्म चेतना और दस्तक के कारण चर्चित रही 23) अधीनस्थ (उर्दू) 25) तुरन्त 28) एक दानवी जो सुदर रुप धारण कर बाल श्रीकृष्ण को मारने हेतु आयी थी 29) एक प्रकार का गाना जिसमें एक स्थायी और एक अंतरा होता है। 30) एक राशी 32) सूर्य 33) लज्जा जनक 36) समय का अपव्यय करना या व्यर्थ ही समय काटना 37) बहस 39) पानी की तरंग 41) उर्दू के एक मशहूर शायर 43) उपहार, भेट 45) गूंगा, मौन 46) पराजित होना 47) करामात, अनोखा 48) बड़े घरों का बावर्ची 49) अप्रसन्नता 50) श्रीरामजी के पिता 52) ले आना 53) क्रम में नौवे स्थानवाला (सं.) 54) विश्व की एक लंबी नदी जो मिश्र देश के लिए वरदान मानी जाती है 56) पात्र, मांडा 58) शरीर के एक हिस्से पर लेटने की स्थिति 59) कौआ (सं.) 60) गुनाह 62) यथाशक्ति, जहां तक हो सके 63) नभ 65) कदर करनेवाला 66) सुनील दत्त,राजकुमार, विम्मी की एक रहस्यमय फिल्म 68) एक छोटा मीठा फल 70) जीवन,प्राण 72) ऊपर से नीचे को लाना 73) बाण 75) राजा के लिये संबोधन 76) यात्रा 77) प्याला (अं.) 78) वर्षा, बरसात 79) जनश्रुति, जनरव 80) अयोग्य, एक गाली 81) हजम होना 82) एक क्षार पदार्थ 84) भयंकर, डरावना 85) गिरि, 87) भीगा हुआ 88) नाना के पिता 91) किसी पदार्थ का दुर्गंधयुक्त होना 92) घर, मकान (सं.) 93) अस्थिपंजर 94) ऊंचे पद से निचले पद पर नियुक्त किया गया 95) कहने का काम दुसरे से कराना, कहलवाना 96) जलाने की क्रिया 97) चिरंतन

Åij I; ulps&1) धन, दौलत, वृद्धावस्था 2) मरण शोक 3) शरमाना 4) फिल्म कयामत से कयामत तक में जुही चावला का पिता 5) किनारा 6) पहरा देनेवाला 7) गोता खाना 8) हुनर 10) झगड़ा 11) एक पुराने प्रसिद्ध फिल्मी गझल गायक 12) शिवजी के चरण 13) X X X प्लेस, नई दिल्ली का एक प्रसिद्ध इलाका 14) रिपोर्ट का हिन्दी करण 16) श्रवण कराना 18) संपूर्ण, सारा 21) बायें से दायें संकेत क्र. 9 का हल 24) विधि, उपाय 26) नाव का पीछे की ओर का अंग 27) एक पुराने कॉंग्रेसी नेता जो अंग्रेजी पुस्तक इंडिया विन्स फिडम के लेखक भी है 30) अस्वीकार करना, 31) झगड़ालू 32) गुजरात का एक शहर 33) ओस (उर्दू) 34) अपनेही मन से काम करना 35) घमंड़ 38) लगातार ( मारना आदि) 40) चुराना 42) लिखने का ढंग 44) जुलूस में की जानेवाली सामुहिक घोषणा 46) उ.प्र. का वह शहर जहां के एक हास्यकवि प्रसिद्ध थे। 51) एक लचीला पदार्थ 53) नवीं तिथि 55) आधा मरा हुआ 57) कष्ट 58) सिगरेट पिते समय मुंह के अन्दर धुआं खिचने की क्रिया 59) एक चरित्र अभिनेता जो संवाद लेखक के रुप में भी प्रसिद्ध है 60) निराहार रहना 61) रास्ता 62) हरियाणा के एक मुख्यमंत्री 64) श्रवणेंद्रिय 65) पंक्ति 67) जनता दल के स्वर्गवासी नेता जिन्होने इंदिरा गांधी को चुनाव में पराजित किया था 69) आपरेशन का हिन्दी पर्याय 71) आत्मीयता 72) उद्धार होना 74) प्रस्थान 76) चकित होना 77) देवताओं के गुरु बृहस्पति के पुत्र का नाम 79) कसना, कसकर बांधना 81) चिलमन, बुरका 83) समस्या, मामला 84) रंग (अं.) 86) दशा 87) तपस्या 89) आसक्त, लिप्त 90) घ्राणेंद्रिय 92) अग्नि 93) श्रीकृष्णजी के अत्याचारी मामा (जवाब अगले अंक में) ●

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | र | दा | ■ | श | त | द | ल | ■ | क | मा | ना | ■ | प | ति | प | रा | य | ण | ता | ■ |
| रु | ख | ■ | वि | र | ह | ■ | ता | ■ | म | त | ■ | म | ■ | हा | र | ■ | की | ■ | ज | मा |
| ते | ना | ली | रा | म | ■ | अ | मं | ग | ल | ■ | का | न | भ | र | ना | ■ | न | त | ■ | ख |
| ग | ■ | ड | ट | ना | ■ | ना | गे | श | ■ | सु | न | ह | ला | ■ | री | त | ■ | ल | ख | न |
| ब | हा | र | ■ | क | र | क | श | ■ | ब | ल | ■ | र | ई | स | ■ | र | न | वा | स | ■ |
| हा | ल | ■ | च | ■ | ति | ल | क | ■ | र | ह | म | ■ | ■ | वा | रि | स | ■ | र | ■ | म |
| दु | त | का | र | ना | ■ | न | र | गि | स | ■ | क | र | ता | ल | ■ | ना | श | ■ | बा | ल |
| र | ■ | र | ण | जी | त | ■ | ■ | ला | ना | ■ | स | ह | ना | ■ | ब्या | ■ | ह | र | ■ | म |
| ■ | ब | ■ | ■ | वा | र | दा | त | ■ | ■ | म | द | न | ■ | फ | ह | रा | ना | ■ | ■ | ल |
| अ | क | ल | मं | द | ■ | मा | मा | ■ | ह | ठ | ■ | स | मा | न | ता | ■ | ई | जा | द | ■ |
| ह | वा | ■ | थ | ■ | आ | द | म | क | द | ■ | त | ह | ल | का | ■ | त | ■ | न | म | क |
| म | स | ख | रा | ■ | ग | ■ | ■ | ल | ■ | ब | ह | न | ■ | र | वि | वा | र | ■ | घो | ■ |
| दा | ■ | त | ■ | ग | ल | त | फ | ह | मी | ■ | सी | ■ | घी | ■ | दा | य | ■ | अ | टू | ट |
| बा | स | म | ती | ■ | गा | ल | ■ | का | ■ | क | ल | ह | ■ | पा | ■ | फ | ला | ना | ■ | म |
| द | मा | ■ | स | प | ना | ■ | क | री | ब | ■ | दा | ■ | मा | ल | ती | ■ | ज | म | घ | ट |
| ■ | न | व | रा | त्र | ■ | म | र्ज | ■ | ल | की | र | का | फ | की | र | हो | ना | ■ | न | म |

anumeya-08446302691



जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## अल नीनो का 12 राज्यों में 'गंभीर' असर संभव, कृषि मंत्रालय ने जिलास्तर पर समन्वय के निर्देश दिए..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को प्रतिकूल मौसमी स्थिति 'अल नीनो' का देश के 12 राज्यों में खरीफमौसम के दौरान अपेक्षाकृत 'गंभीर' असर पड़ने की आशंका जताई। इससे निपटने के लिए सबसे अधिक संवेदनशील क्षेत्रों में जिला-स्तर पर समन्वित कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं।***



अल नीनो से सबसे अधिक प्रभावित होने की आशंका वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, गुजरात, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र शामिल हैं।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफसत्र 2026 की तैयारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा, ''जिन नौ-दस राज्यों में अल नीनो का असर अधिक हो सकता है, वहां जिलाधिकारियों, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) और अन्य विस्तार तंत्र के साथ समन्वित बैठकें आयोजित की जानी चाहिए।''

उन्होंने बारिश की कमी वाले जिलों में अग्रिम वैकल्पिक योजना तैयार करने पर जोर देते हुए कपास और दलहन के रकबे को बढ़ाने की जरूरत भी बताई।

बैठक के बाद एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुल 12 राज्यों के 326 जिलों की पहचान की गई है, जहां अल नीनो के कारण गंभीर असर पड़ सकता है। इन जिलों के लिए वैकल्पिक योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

अल नीनो एक जलवायु घटना है, जिसमें प्रशांत महासागर के सतही जल का तापमान बढ़ जाता है, जिससे भारत सहित कई क्षेत्रों में मानसून कमजोर पड़ सकता है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति बनी हुई है और दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून-सितंबर) के दौरान इसके और मजबूत होने की आशंका है।

मौसम विभाग ने इस वर्ष लगभग 90 प्रतिशत बारिश का अनुमान जताया है, जो सामान्य से कम वर्षा का संकेत देता है।

कृषि मंत्रालय के बयान के अनुसार, चौहान ने राज्यों को संवेदनशील जिलों की स्पष्ट पहचान कर फसल के हिसाब से वैकल्पिक योजनाएं पहले से तैयार रखने को कहा, ताकि मौसम संबंधी चुनौतियों की स्थिति में किसानों को तुरंत विकल्प, सलाह और सहायता उपलब्ध कराई जा सके। चौहान ने कहा, ÷हर संवेदनशील जिले के लिए अलग और व्यावहारिक रणनीति तैयार की जानी चाहिए, जिसमें जल संरक्षण, नमी प्रबंधन, मिश्रित फसल और वैकल्पिक फसल के तरीके पर विशेष ध्यान दिया जाए।÷

इसके साथ ही कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों तक 'वैज्ञानिक विश्लेषण पर आधारित शांत, विश्वसनीय और समाधान-उन्मुख संदेश' पहुंचाने की है, न कि डर पैदा करने वाली सूचनाएं।

बैठक में अलग-अलग फसलों के लिए लक्ष्य, बुवाई की प्रगति और राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई, जिसमें कपास उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर रहा।

चौहान ने उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीकों, उपयुक्त बीज चयन, मिश्रित फसल, मल्चिंग (मिट्टी में नमी बनाए रखने की तकनीक) और नमी संरक्षण को बढ़ावा देने की बात कही।

दलहन आत्मनिर्भरता मिशन भी इस बैठक में चर्चा का प्रमुख मुद्दा रहा। चौहान ने कहा कि सरकार राज्यों के साथ मिलकर अरहर, उड़द और मूंग की खेती को फसल चक्र, रकबा विस्तार, बेहतर बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन के जरिये बढ़ा रही है, ताकि आयात पर निर्भरता कम की जा सके।

समीक्षा बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता, बाजार कीमतों, जलाशयों के स्तर और पानी के भंडारण की स्थिति का भी आकलन किया गया।

कृषि मंत्री ने आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरकों की आपूर्ति पर्याप्त है और मानसून की प्रगति के साथ राज्यों एवं जिलों तक इसे और सुचारू बनाया जाएगा। स्थानीय किल्लत की आशंका वाले क्षेत्रों में उर्वरक की अग्रिम आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

चौहान ने कृषि विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों, केवीके और राज्य कृषि विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह समय पर खेतों तक पहुंचे।

उन्होंने खरीफ सत्र 2026 को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए निरंतर संवाद, नियमित समीक्षा और जमीनी स्तर से सुझाव लेने पर भी जोर दिया।

## यम ब्रांड्स 2.7 अरब डॉलर में पिज्जा हट कारोबार बेचेगी

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वैश्विक त्वरित-सेवा रेस्तरां संचालक 'यम ब्रांड्स' ने रणनीतिक पुनर्गठन के तहत 2.7 अरब डॉलर के उद्यम मूल्य पर 'पिज्जा हट' कारोबार बेचने के लिए मंगलवार को दो अलग-अलग समझौतों की घोषणा की।***




केएफसी, टैको बेल, पिज्जा हट और हैबिट बर्गर एंड ग्रिल जैसे ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी ने कहा कि उसने कुल 2.7 अरब डॉलर में पिज्जा हट कारोबार के विनिवेश के लिए पक्के समझौते किए हैं।

इन समझौतों के तहत मुख्यभूमि चीन के बाहर के पिज्जा हट संचालन को निजी इक्विटी फर्म लॉन्गरेंज कैपिटल लगभग 1.5 अरब डॉलर में खरीदेगी, जबकि चीन में पिज्जा हट कारोबार का करीब 1.2 अरब डॉलर में यम चाइना होल्डिंग्स अधिग्रहण करेगी।

यम ब्रांड्स ने कहा कि इन दोनों सौदों से कर और अन्य समायोजनों के बाद उसे लगभग 2.3 अरब डॉलर की शुद्ध प्राप्ति होने की उम्मीद है। साथ ही, पृथक्करण प्रक्रिया को लागू करने के लिए 2026 की शेष अवधि में करीब 8.5 करोड़ डॉलर का एकमुश्त खर्च भी आने का अनुमान है।

ये सौदे नवंबर 2025 में शुरू हुई रणनीतिक समीक्षा के बाद किए गए हैं। इनके नियामकीय मंजूरी सहित अन्य शर्तों के अधीन 2026 की तीसरी तिमाही तक पूरे होने की उम्मीद है।

सौदा पूरा होने के बाद यम ब्रांड्स अपने पिज्जा हट प्रभाग के बारे में अलग से आंकड़े नहीं जारी करेगी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस टर्नर ने कहा, ''इन लेनदेन से कंपनी को अपने मुख्य कारोबार पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और दीर्घकालिक मूल्य सृजन को बढ़ावा मिलेगा।''

इसके अलावा, यम ब्रांड्स के निदेशक मंडल ने अतिरिक्त चार अरब डॉलर के शेयर पुनर्खरीद प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

यम ब्रांड्स 155 देशों में 63,000 से अधिक रेस्तरां संचालित करती है। भारतीय बाजार में उसकी इकाई के 2,000 से अधिक आउटलेट विभिन्न फ्रेंचाइजी भागीदारों के साथ संचालित होते हैं।

## मुंबई मेट्रो ग्रामीण इलाकों के डेयरी उत्पादों के लिए बड़े बाज़ार तक पहुंच दिला सकती हैः फडणवीस..

मुंबई, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि मुंबई मेट्रो, ग्रामीण इलाकों से डेयरी और अन्य कृषि उत्पादों को ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए एक असरदार माध्यम बन सकती है, जिससे किसानों को राज्य की राजधानी में एक खास बाजार मिल सकेगा।***

सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन पर वारणा कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन के डेयरी उत्पाद बिक्री केन्द्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि मेट्रो लाइन तीन, मुंबई की नई जीवन रेखा बनकर उभरी है और यह एशिया का सबसे लंबा 'सिंगल अंडरग्राउंड मेट्रो कॉरिडोर' है।

उन्होंने कहा, ''परिवहन सेवाएं देने के अलावा, मेट्रो स्टेशन आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के तौर पर भी काम कर सकते हैं।''

इस मौके पर डेयरी विकास मंत्री अतुल सावे, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, विधायक विनय कोरे, बीएमसी आयुक्त और मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन परिशन के प्रबंध निदेशक अश्विनी भिड़े मौजूद थे।



मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेट्रो स्टेशनों पर वाणिज्यिक पहल से ग्रामीण उत्पादों के सीधे शहरी ग्राहकों तक पहुंचने के मौके बनते हैं। कोल्हापुर और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में किसानों द्वारा तैयार किए गए अच्छी गुणवत्ता के डेयरी उत्पाद अब इस बिक्री केन्द्र के जरिये मुंबई में उपलब्ध होंगे।'' उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से किसानों को बेहतर बाजार तक पहुंचने में मदद मिलेगी और साथ ही ग्राहक आसानी से अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद खरीद सकेंगे।

उन्होंने कहा कि ये बिक्री केन्द्र रोजगार पैदा करने, व्यापार बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भी योगदान देंगे।

वारणा बिक्री केन्द्र को सिर्फएक वाणिज्यिक उद्यम से कहीं ज्यादा बताते हुए फडणवीस ने कहा कि यह कोल्हापुर जिले के किसानों के आत्म-सम्मान और उद्यमशीलता का प्रतीक है। उन्होंने किसान और महिला सशक्तिरण में योगदान के लिए वारणा ग्रुप की तारीफभी की।

## गोयल का उद्यम पूंजी कोषों, कंपनियों से भारत में निवेश जल्द शुरू करने का आह्वान

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को निवेशकों, कंपनियों और उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों से कहा कि वे अब सक्रियता के साथ भारत में निवेश शुरू करें और इसमें अधिक विलंब न करें।***

गोयल ने फ्रांस के नीस में आयोजित कार्यक्रम 'भारत इनोवेट्स 2026' के समापन समारोह में कहा कि भारत का निवेश परिवेश तैयार है, घरेलू बाजार विशाल है और सरकार निवेशकों को बाजार अवसरों से जोड़ने में मदद करेगी, जबकि एक सहयोगी नीतिगत ढांचा पहले से मौजूद है।

उन्होंने कहा, ÷निवेशकों और उद्यम पूंजी कोषों के लिए यही समय है, अब आगे आएं और निवेश शुरू करें। भारतीय पारिवारिक कार्यालय, वीसी कोष, निवेशक और कंपनियां, सभी को सक्रिय होना होगा। इसके लिए जरूरी परिवेश तैयार है, स्टार्टअप बेहतरीन काम कर रहे हैं और भारत में कई सफल मॉडल मौजूद हैं।÷



गोयल ने घरेलू उद्योग से भी विनिर्माण क्षेत्र में स्टार्टअप फर्मों के साथ साझेदारी कर उन्हें बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे भारत उद्योगों के लिए 'लॉन्च पैड' बनेगा और वैश्विक बाजार उनका लक्ष्य होगा।

गोयल ने शोधकर्ताओं, अकादमिक संस्थानों और उच्च शिक्षण संस्थानों से संयुक्त रूप से शोध एवं विकास (आरएंडडी) कार्यक्रम चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे वैज्ञानिक खोज एवं नवाचार को बाजार तक पहुंचाने में लगने वाला समय कम होगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्टार्टअप पारिस्थितिकी को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा चुकी है, जिसमें स्टार्टअप कार्य योजना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 10,000 करोड़ रुपये के 'कोषों का कोष' योजना की दूसरी किस्त का अधिकांश हिस्सा गहन-प्रौद्योगिकी नवाचार के लिए प्रतिबद्ध किया जा रहा है। वाणिज्य मंत्री ने घरेलू उद्योगों से हाल के वर्षों में भारत द्वारा किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। इसके अलावा, उन्होंने कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाने और विदेशों में काम कर रहे भारतीय स्टार्टअप को देश में वापस लाने के उपायों पर सुझाव भी मांगे।

## दिल्ली में सोना 200 रुपये सस्ता हुआ, घरेलू मांग कम होने के बीच चांदी स्थिर

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में मामूली गिरावट आई और यह 200 रुपये सस्ता हो गया, जबकि घरेलू मांग कम होने के कारण चांदी की कीमतें अपरिवर्तित बनी रहीं। बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले***



सोने की कीमत सोमवार के 1,59,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के बंद भाव से 200 रुपये टूटकर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

हालांकि, चांदी की कीमत 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव कम होने से घरेलू शेयर बाजारों में धारणा मजबूत हुई और रुपये को समर्थन मिला, जिससे निवेशक कीमती धातुओं से दूरी बनाने लगे।

हालांकि, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुझानों ने स्थानीय बाजारों में गिरावट को सीमित कर दिया, क्योंकि ऊर्जा-जनित महंगाई को लेकर चिंताएं कम होने से विदेशी बाजारों में सर्राफा कीमतों में बढ़त हुई। वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना और चांदी की कीमतें क्रमशः लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,344.36 डॉलर और 70.43 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थीं।


मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''तेल की कम कीमतों से हाजिर सोने को फायदा मिल रहा है। मंगलवार को तेल की कीमतें नए निचले स्तर पर आ गईं, क्योंकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से अमेरिका-ईरान समझौते पर हस्ताक्षर किए।'' इस बीच, कोटक सिक्योरिटीज में जिंस शोध की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा कि चांदी की कीमत 70.5 डॉलर प्रति औंस के आसपास रही, क्योंकि व्यापारियों ने अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के जारी होने और फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले सतर्क रुख अपनाया।

एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''बाजार के प्रतिभागी अमेरिका-ईरान समझौते से जुड़ी गतिविधियों पर भी बारीकी से नजर रख रहे हैं, जो सर्राफा और जिंस बाजारों में धारणा को प्रभावित कर रहा है।''

## रुपया दो पैसे टूटकर 94.60 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (भाषा)।

***अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की गिरावट के साथ 94.60 पर बंद हुआ।***



पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट के बीच रुपये में दो दिन से चली आ रही तेजी पर ब्रेक लग गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मामूली नुकसान के साथ बंद होने से पहले, घरेलू मुद्रा मजबूत बनी रही। इसे अमेरिका-ईरान तनाव कम होने और होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से सहारा मिला। हालांकि, घरेलू शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी का रुपये पर दबाव पड़ा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.69 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.48 से 94.71 के दायरे में रहा। अंततः यह 94.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट है।


रुपया सोमवार को 60 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, '' मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं में नरमी और विदेशी पूंजी प्रवाह की उम्मीदें रुपये को समर्थन दे सकती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.10 से 94.90 के दायरे में रह सकता है।''

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.61 पर रहा।

घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई सेंसेक्स 544.15 अंक चढ़कर 76,808.48 अंक पर जबकि निफ्टी 135.25 अंक बढ़त के साथ 23,989.15 अंक पर बंद हुआ।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.77 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को 749.18 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# से. नि. पर प्रधान पाठक चुन्नीराम धारने को दी भावभीनी बिदाई..






जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय माध्यमिक शाला सहेकी के प्रधानपाठक चुन्नीराम धारने 31 मई 2026 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए।***

उनके सम्मान एवं विदाई के अवसर पर जनशिक्षा केंद्र एवं संकुल शाला मनेरी द्वारा 15 जून को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्री धारने के 37 वर्ष 6 माह 13 दिन के लंबे शैक्षणिक सेवा काल के उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य रामेश्वर घोरमारे ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक चुन्नीराम धारने स्वयं उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में सहेकी सरपंच श्रीमती विमला मनीराम घोरमारे, उपसरपंच दामोदर बल्लारखेड़े, सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र मुरकुटे, मच्छलेश शेंडे, संतोष बनोठे (प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल सावरीखुर्द), दुलीचंद घोरमारे, विमला नारनौरे, कोमलचंद गुरदे, कृष्णा कावड़े, योगेंद्र भंडारकर, सुशील कुमार बोरकर, सुनील रामटेक्कर, महेश लिल्हारे आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रधानपाठक चुन्नीराम धारने को शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र, डायरी-पेन, चांदी की गणेश प्रतिमा, डिनर सेट एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने श्री धारने के व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वे कर्मशील, मिलनसार, सरल स्वभाव के, मृदुभाषी और सभी के शुभचिंतक रहे। उनका पूरा जीवन शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्रोत और अनुकरणीय रहा। वक्ताओं ने कहा, 'श्री धारने ने पूरे सेवा काल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए समर्पित भाव से कार्य किया।' सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें समाजसेवा और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने की शुभकामनाएं दी गईं तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। समारोह में संकुल परिवार के ज्ञानचंद घोरमारे, जगदीश हनोते, वीरेंद्र हुमने, जगदीश ढोक, रूपलाल कटरे, टेकचंद पाचे, नितिन रणदिवे, सुरेश किरेकार, चंद्रशेखर बनोठे, डेविड मेश्राम, शांतनु उपराड़े, नेहा साहू, दीपिका वाकड़े, लक्ष्मी ढोक, महेंद्र रामटेके, गौरीशंकर आसटकर, उमेश लिल्हारे, जैलाल धारने, राजेंद्र ढोक, गणेश यादव, मनीराम घोरमारे, पुरुषोत्तम सोनवाने, गिरधारी धुवारे, उषा उपराड़े, लता टेंभरे, जनशिक्षक विजय दशरिया, पूर्व जनशिक्षक ध्रुव गजभिए सहित जनशिक्षा केंद्र एवं संकुल मनेरी के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

कार्यक्रम का संचालन महेश नगपुरे (पूर्व जनशिक्षक, सहेकी) ने किया तथा राधेश्याम सोनवाने (जनशिक्षक) ने आभार व्यक्त किया। समारोह पूरे सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# जनकल्याण शिविर के माध्यम से शिकायतों का किया गया त्वरित निराकरण..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत किन्ही मे जनकल्याण शिविर का आयोजन समारोहपूर्वक किया गया।***

विधायक राजकुमार कर्राहे के मुख्यातिथ्य मे आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता, महात्मा गांधी एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर समस्याओं के आवेदन प्राप्त कर शिकायतों का त्वरित निराकरण किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अतिथि वक्ताओं द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाए जाने सरकार द्वारा कार्य किए जाने से अवगत कराया गया। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने ग्राम पंचायत किन्ही मे विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान बतौर विशेष अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ राहंगडाले, निर्माण समिति सभापति योगराज भास्कर, जनपद सदस्य सरिता शिवचरण उइके, सांसद प्रतिनिधि चुमेश लिल्हारे, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार राणा, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर गोपाल सोनी, तहसीलदार वर्षा झारिया, नायब तहसीलदार बबीता सूर्या, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरनापुर ममता कुलस्ते, ग्राम पंचायत किन्ही सरपंच अनिता धनवले, उपसरपंच दयानंद धनवले, सचिव होमेंद्र पटले, ग्राम पंचायत वारा सरपंच भजनलाल बिसेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्कूल चले हमः तिलक लगाकर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दी पाठ्य पुस्तक..

## सीएम राइस स्कूल ने क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है - विधायक कर्राहे..





जगप्रेरणा लांजी।

***सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगाव लांजी बालाघाट में 16 जून 2026 को बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक सत्र 2026-27 हेतु छात्र छात्राओं का विद्यालय में प्रवेश उत्सव का द्वितीय चरण***

समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर, संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे, उपप्राचार्य प्रवीण साहु एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती पूजन कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ -साथ विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही छात्र छात्राओं को उपस्थित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर एवं नवीन पाठ्य-पुस्तक प्रदान कर स्वागत करते हुए नये सत्र हेतु प्रवेश कराया गया। ऐसे छात्र छात्राए जिनको पूर्व में साइकिल प्राप्त नहीं हुई थी उन्हें साइकिल भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र -छात्राओ एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए संस्था प्राचार्य बी आर गुरदे ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्राएं वाकई में बहुत ही कर्मठ और लगनशील हैं जो इतनी भीषण गर्मी में भी इतनी तादाद में विद्यालय में उपस्थित हुए हैं, जहां अन्य विद्यालय में बच्चे उंगलीयों पर गिने जा सकते हैं वहीं हमारे विद्यालय में इतनी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति इनका विद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति लगाव को दर्शाता है। यह लगाव एक दिन की मेहनत का नहीं अपितु विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं के सतत् प्रयास एवं कर्म के प्रति समर्पित भाव का परिणाम है। जहां अन्य विद्यालय में शिक्षक बच्चों के नाम तक नहीं जानते वहीं हमारे विद्यालय में शिक्षक -शिक्षिकाएं हरेक बच्चे एवं उनके पालकों से भली-भांति परिचित हैं। आगे आपने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी सत्र आपके जीवन को एक नई दिशा देने वाला होगा, और इसके लिए आपको पूर्ण लगन और समर्पण से शिक्षा ग्रहण करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी किरनापुर द्वारा अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं की तारीफकी कि इतनी भीषण गर्मी में भी बच्चों की उपस्थिति विद्यालय के प्रति लगाव और समर्पण को दर्शाता हैं। साथ ही बच्चों को भविष्य में अपनी मंजिल को कैसे प्राप्त करें।

इस संबंध में अनेकों टिप्स बताकर बच्चों को प्रेरित किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक बापूरे पूर्व जनपद सदस्य, बी आर बापूरे सेवा निवृत्त अभियंता, चित्रलेखा कालबेले उपसरपंच ग्राम पंचायत बोलेगांव, युवराज भटेरे, ओमप्रकाश बापूरे, बिंदु पांडे एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में संस्था के उपप्राचार्य साहु द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षक सरोज पटेल, शबाना कुरैशी एवं रविप्रकाश शहारे द्वारा किया गया।

# नक्सल मुक्त क्रिकेट प्रतियोगिता में बाकरकत्ता ने जीता खिताब..

## रक्तदान कर सामाजिकता का उपस्थित लोगों को बताया महत्व..






जगप्रेरणा लांजी।

***जो सोचते नहीं है वो हो जाए तो यही ऐहसास होता है कि हमारे अमर शहीद ईश्वरीय कृपा बरसा रहे हैं। बालाघाट के छ्त्तीसगढ़ सीमा से लगे टांडा नदी किनारे बैगा जनजाति बाहुल्य गांव जहाँ***

नक्सलियों ने सडक़ बनाने पर डम्फर जलाए थे, अधिकारी नेता जाने से डरते थे और गांवों के जनजाति लोग पुलिस से मिलने व लाभ लेने से डरते थे यहाँ तक कि नौकरी के जॉइनिंग लेटर लेने से मना कर दिए थे। जहां कभी गोलियों की आवाजे गुंजती थी और गांव के लोगो ने नक्सल प्रताडना तक सही है।

वहाँ अमर शहीद आशीष शर्मा जी स्मृति में नक्सल मुक्त भारत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ जिसमें मप्र और छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित गांवों की 30 टीम शामिल हुई। दिनांक 10 जून 2026 से प्रारंभ होकर 15 जून 2026 को हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि लांजी विधायक राजकुमार कर्राहे जी और पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा ने जैसे ही अमर शहीद आशीष शर्मा की तस्वीर में दीपक जलाया तो हजारों जनजाति परिवारों की भीड़ इकट्ठी हो गई।

फाइनल मुकाबला नल्लेझरी और बकरकट्टा के मध्य खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें अमर शहीद की स्मृति में बनी टी शर्ट भेंट की गई और जब खेल प्रारंभ हुआ तो देर रात हो गई। 8 ओवर में बकरकट्टा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 122 रन बनाये और नल्लेझरी को बहुत बड़े अंतर से हराते हुए नक्सल मुक्त भारत क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बन गई।

बालाघाट जिले के सुदूर गांव में टेमनी पहाड़ के ऊपर बसे 5 गांव के लिए ऐतिहासिक दिन इसलिए भी रहा क्योंकि यहाँ कोई खेल मैदान नहीं था और हॉक फ़ोर्स टेमनी के जवानों ने खुद मेहनत करके वॉलीबॉल ग्राउंड तैयार किया जिसे अमर शहीद आशीष शर्मा की याद में बच्चों युवाओं को समर्पित किया गया।

शक्तिझोड़ी पहाड़ी मैदान जहाँ चारों ओर पेड़ के नीचे बैठे हज़ारों लोग यह बता रहे थे कि अब किसी का डर नहीं रहा क्योंकि यही गांव था जो नक्सलियों के कारण नौकरी का जॉइनिंग लेटर लेने से मना कर दिया था। आज वही लोग रात को भी पुलिस के साथ खुशियों का जश्न मना रहे थे। छत्तीसगढ़ी दिवारी नृत्य जनजाति बच्चों ने किया तो विधायक राजकुमार कर्राहे और एसपी आदित्य मिश्रा भी खुद को नहीं रोक पाये। बैगा गुरु जी ने एक गीत सुनाया कि -पढ़े लिखेंगे खेले कूदेंगे, अब नहीं रहा कोई डर रेनक्सली ख़त्म हुए और आशीष शर्मा हो गए अमर रे....

छुआछूत को दूर करने पहल हुई जिसमे बैगा और गोंड समाज के युवक युवती विधायक कर्राहे और एसपी मिश्रा के साथ एक ही पंगत में बैठकर जंगली माहुल के पत्तों से बने पत्तल में लांजी क्षेत्र का प्रसिद्ध व्यंजन भटा भात का स्वाद लिया और एक दूसरे को गले लगाया। एसपी श्री मिश्रा ने ग्रामीणों की सडक़ सुरक्षा को देखते हुए हेलमेट भी वितरित किए और सामाजिक सहयोग करने वालों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्थानीय लोगों की माँग अनुसार विधायक लांजी राजकुमार कर्राहे ने घोषणा कि यह खेल प्रति वर्ष होगा। कार्यक्रम के अंत में भोजन प्रसादी के बाद एसपी आदित्य मिश्रा ने टेमनी कैम्प के जवानों को अमर शहीद आशीष शर्मा जी की तस्वीर भेंट कर सफल आयोजन हेतु बधाई और शुभकामनाएं दी।

## रक्तदान महादान का संदेश..

वनांचल क्षेत्र में जहां युवाओं ने खेल भावना के साथ टूर्नामेंट में भागीदारी की वहीं आयोजको के द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था जहां हॉकफोर्स के जवानों सहित स्थानीय युवाओं ने रक्तदान महादान कर संदेश दिया कि। दुसरी ओर विद्यांजलि के विचारो से तैयार टेमनी शासकीय स्कूल में जनजाति बच्चो के लिये वॉलीबॉल मैदान का विधायक कर्राहे एवं एसपी मिश्रा के द्वारा उदघाटन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डीएसपी संतोष पटेल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, देवेश ऐड़े, महामंत्री गौरव बैस, सचिन अग्रवाल, सुरजदीन गुप्ता, सरपंच देवरबेली सुरेन्द्र मरावी, जनप्रतिनिधि गण, स्थानीय गणमान्य जन, सभी ग्रामो के ग्राम वासी सहित बडी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# शरारती तत्वों की कार्यवाही, पोर्च में खड़ी पल्सर धूं धूं कर जल गई



जगप्रेरणा लांजी।

***बीती रात्रि नगर के वार्ड क्रमांक 8, मरार मोहल्ला में एक चौंकाने वाली घटना घटी। घर के सामने पोर्च में खड़ी बजाज पल्सर एन एस 125 मोटरसाइकिल पूरी तरह से आग की भेंट चढ़ गई।***

आग इतनी भयंकर थी कि मोटरसाइकिल तो जलकर कंकाल बन गई, साथ ही दीवार पर लगा विद्युत मीटर भी पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना की जानकारी देते हुए क्रिस लालजी बड़मे ने बताया कि रात करीब 2 बजे कूलर-पंखा अचानक बंद हो जाने से उनकी नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो मोटरसाइकिल में भयंकर आग लगी हुई थी। उन्होंने तुरंत घरवालों को जगाया और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आसपास के पड़ोसियों ने भी आवाज सुनकर मदद के लिए दौड़कर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल चुकी थी।

## सबसे संदिग्ध बात

घटना स्थल पर पहुंचे लोगों ने देखा कि सीढ़ी के ऊपरी भाग में खंभे से आने वाली सर्विस लाइन का तार कटा हुआ था। इस बात को देखते हुए स्थानीय लोग और परिवार का मानना है कि यह आग संयोग से नहीं, बल्कि किसी सरारती तत्व द्वारा जानबूझकर लगाई गई है। पहले बिजली का तार काटा गया और फिर मोटरसाइकिल में आग लगाई गई। क्रिस लालजी बड़मे ने बताया कि यह मोटरसाइकिल उन्होंने लगभग एक वर्ष पहले किस्तों पर फाइनेंस करके खरीदी थी। अभी भी कई किस्तें बाकी हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दोहरी मार पड़ी है।

## पुलिस में दर्ज शिकायत

क्रिस बड़मे ने इस घटना की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य कारण से लगी, या फिर यह जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की साजिश थी।स्थानीय लोग इस घटना से आक्रोशित हैं और मांग कर रहे हैं कि पुलिस जल्द से जल्द दोषियों को पकड़े, ताकि ऐसे शरारती तत्वों को सबक मिल सके।



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## 17 जून को बैहर में पनिका समाज की राष्ट्रीय बैठक, आरक्षण पर बनेगी रणनीति

### स्वजातीय बंधुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील




**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***पनिका समाज द्वारा आरक्षण संबंधी मांगों को लेकर 17 जून को मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के बैहर में राष्ट्रीय स्तर की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक समाजसेवी बिहारी दास मुरचुले के नेतृत्व में होगी,***

जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से पनिका समाज के प्रतिनिधि एवं प्रमुख पदाधिकारी शामिल होकर आगे की रणनीति पर मंथन करेंगे। समाज की प्रमुख मांग पनिका जाति को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हटाकर पुनः अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में शामिल किए जाने की है।

समाज के प्रतिनिधियों का दावा है कि वर्ष 1971 से पूर्व अविभाजित मध्यप्रदेश में पनिका जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल थी, लेकिन बाद में बिना पर्याप्त सुनवाई के इसे ओबीसी वर्ग में शामिल कर दिया गया। समाज इस निर्णय को त्रुटिपूर्ण बताते हुए पूर्ववत दर्जा बहाल करने की मांग कर रहा है।

बताया गया कि इस संबंध में सामाजिक संगठनों एवं विकास समितियों द्वारा समय-समय पर जिला कलेक्टरों, विधायकों, मंत्रियों एवं सांसदों के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपे जाते रहे हैं।

समाज का प्रतिनिधिमंडल केंद्र सरकार के जनजातीय मंत्रालय के समक्ष भी अपनी मांग रखता रहा है। आरक्षण की मांग को लेकर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में पनिका समाज द्वारा लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से समाज के लोगों, युवाओं और बुजुर्गों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। समाज के संगठनों द्वारा पूर्व में न्यायालयों में याचिकाएं भी दायर की जा चुकी हैं, ताकि लंबित प्रस्तावों पर निर्णय लिया जा सके। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि मध्यप्रदेश के कई जिलों में पनिका समाज की बड़ी आबादी निवास करती है तथा अनेक विधानसभा क्षेत्रों में समाज निर्णायक मतदाता की भूमिका निभाता है।

ऐसे में समाज अपनी मांगों को लेकर अब व्यापक आंदोलन और कानूनी रणनीति पर विचार कर रहा है। बैहर में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय बैठक के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगों को मजबूती से पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

आयोजकों ने पनिका समाज के स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## आवारा कुत्तों ने दौड़ाया, जान बचाने तालाब में कूदी नीलगाय; कीचड़ में फंसने से मौत..





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***वन परिक्षेत्र पश्चिम सामान्य बैहर के बीट तिरगांव अंतर्गत कक्ष क्रमांक 1431 से लगे राजस्व क्षेत्र में सोमवार शाम एक मादा नीलगाय की दर्दनाक मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि***

आवारा कुत्तों के झुंड ने नीलगाय का पीछा कर हमला कर दिया था। जान बचाने के प्रयास में नीलगाय पास के तालाब में उतर गई, लेकिन कीचड़ में फंसने के कारण बाहर नहीं निकल सकी और कुत्तों के हमले से उसकी मौत हो गई।

वन विभाग के अनुसार 15 जून की शाम करीब 5:50 बजे ग्राम तिरगांव के भूतपूर्व सरपंच ने सूचना दी कि आवारा कुत्तों ने एक नीलगाय को मार डाला है। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा। घटना स्थल वनक्षेत्र क्रमांक 1431 से लगे राजस्व क्षेत्र के तालाब के पास पाया गया। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि नीलगाय तालाब के कीचड़ में फंसी हुई थी। सुरक्षा श्रमिकों की मदद से मृत नीलगाय को बाहर निकाला गया। पंचनामा के दौरान नीलगाय की पूंछ से गर्दन तक लंबाई 140 सेंटीमीटर तथा सामने के पैर से खुर तक ऊंचाई 120 सेंटीमीटर मापी गई। मृत नीलगाय करीब ढाई वर्ष की मादा बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी भोलाराम नारनौरे, बीट गार्ड सतीश मरकाम एवं रूपलाल टेकाम सहित सुरक्षा श्रमिक बैसाख सिंह, मथुरा प्रसाद राहंगडाले और रमलू सिंह मौके पर पहुंचे। वन अमले ने मृत नीलगाय को ट्रैक्टर से सहायक नाका मझगांव पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम और अन्य वैधानिक कार्रवाई के लिए सुरक्षित रखा गया। वन विभाग ने शाम 6:40 बजे घटना स्थल पंचनामा तैयार किया। पंचनामा में मथुरा प्रसाद राहंगडाले, बैसाख सिंह और रमलू सिंह पंच के रूप में उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नियमानुसार पोस्टमार्टम और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

क्षेत्र में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों से वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने वन्य प्राणियों के संरक्षण और आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## बालाघाट जनसुनवाई में 152 आवेदनों का कलेक्टर मृणाल मीना ने किया समाधान..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 16 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ***

अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं श्री एम.आर. कोल तथा एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 152 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

खैरलांजी तहसील के ग्राम येरवाटोला निवासी महेंद्रलाल बसेने नाली जाम होने की शिकायत लेकर आए थे। महेंद्रलाल का कहना था कि कुछ ग्रामीणों द्वारा पंचायत की जल निकासी नाली में मिट्टी डालकर उसे समतल कर दिया गया है, जिससे पानी का बहाव रुक गया है। नाली जाम होने से गंदा पानी उनके घर के सामने जमा हो रहा है और महामारी फैलने तथा मकान को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। उसने बताया कि 2 जून 2026 को ग्राम पंचायत को आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस प्रकरण में जनपद सीईओ खैरलांजी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

बालाघाट के प्राथमिक शिक्षक शिवनारायण मर्सकोले चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान में हो रही देरी की शिकायत लेकर आए थे। शिवनारायण ने बताया कि उनके पुत्र के उपचार पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति हेतु 01 लाख 86 हजार 784 रुपये की राशि का आवंटन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 22 मई 2026 को जारी किया जा चुका है। आवश्यक दस्तावेज संकुल लामता के माध्यम से बीईओ कार्यालय में जमा करने के बावजूद देयक बिल ट्रेजरी में प्रस्तुत नहीं किया गया है। उपचार में भारी खर्च होने से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। अतः शीघ्र देयक बिल प्रस्तुत कर प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान कराया जाए। इस प्रकरण में बीईओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट तहसील के ग्राम धापेवाड़ा के निवासी डिगम्बर ढेकवार नल-जल योजना के तहत पानी नहीं मिलने की शिकायत लेकर आए थे। डिगम्बर का कहना था कि भटेरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत लगाए गए नलों में डेढ़ माह से पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी के बीच जल संकट के कारण ग्रामीणों को पेयजल और दैनिक उपयोग के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित ठेकेदारों को कई बार सूचना देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया है। अतः ग्राम धापेवाड़ा में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ बालाघाट को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम सिहोरा के किसान एवं ग्रामीण घिसर्री नदी पर नाव की व्यवस्था कराने की मांग लेकर आए थे। ग्रामीणों का कहना था कि करीब 100 किसानों की खेती नदी पार हट्टा क्षेत्र में स्थित है, जहां पहुंचने के लिए नदी पार करना पड़ता है। पिछले दो वर्षों से नाव संचालित नहीं होने के कारण किसानों और हट्टा स्कूल में पढने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः वर्षा ॠतु को देखते हुए किसानों और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तत्काल नाव उपलब्ध करायी जाए। इस प्रकरण में जनपद सीईओ किरनापुर को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

नगरीय क्षेत्र लांजी के वार्ड नं. 20 बिसोनी निवासी आशीष भण्डारकर नगर परिषद लांजी में गुजरी स्थल की भूमि में नियमों के विरुद्ध शराब ठेकेदार को ठेका आवंटित करने की शिकायत लेकर आये थे। उनका कहना था कि जिस भूमि का ठेका पहले से गुजरी संचालन के लिए दिया गया था, उसी भूमि के एक हिस्से को शराब दुकान के लिए लीज पर दे दिया गया है।

आशीष का कहना है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नियमों की अनदेखी कर दो अलग-अलग अनुबंध किए हैं। अतः इस गंभीर अनियमितता की निष्पक्ष जांच की जाए तथा शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इस प्रकरण में जिला आबकारी अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम पिपरिया के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि हुडकीटोला से एंकाटोला तक ढुटीबांध की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित अधिकारी और कर्मचारी द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नहर से लगभग 500 से 600 किसानों के खेतों में सिंचाई होती है। समय रहते नहर की मरम्मत नहीं होने पर सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होगी। अतः शीघ्र कार्रवाई कर नहर की मरम्मत करायी जाए। इस प्रकरण में जल संसाधन विभाग के इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील के ग्राम कामठी की दिव्यांग प्रेमलता मर्सकोले ट्राइसिकल दिलाने की मांग लेकर आयी थी। प्रेमलता का कहना था कि वह दोनो पैरों से विकलांग है और उसे पूर्व में ट्राइसिकल प्रदान की गई थी। लेकिन अब वह पूरी तरह से खराब हो गई है और चलने फिरने लायक नही है। अतः उसे दूसरी ट्राइसिकल प्रदाय की जाए। इस प्रकरण में उपसंचालक सामाजिक न्याय को कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील के ग्राम बेहरई की कविता रोकडे पति की मृत्यु के बाद ईपीएफकी राशि दिलाने की मांग लेकर आयी थी। कविता का कहना था कि उसके पति रुपेंद्र कुमार रोकडे आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस कंपनी भटेरा रोड बालाघाट शाखा में कार्यरत थे। कंपनी द्वारा उनके वेतन से हर माह ईपीएफकी राशि काटी जाती थी, उसके पति का 25 अक्टूबर 2022 को निधन हो गया है लेकिन अब तक उसे पति की ईपीएफराशि का भुगतान नही किया गया है। अतः उसे ईपीएफराशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

लांजी तहसील के ग्राम बापडी निवासी सुभाष बनोटे शिकायत लेकर आये थे कि उन्होंने कारंजा उप डाकघर में 31 जुलाई 2018 को अपनी पुत्री हीना बनोटे के नाम से 05 हजार रुपए जमा कर सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया था। इस खाते की पासबुक में मेन्यूअल एंट्री के दौरान उसमें 05 हजार रुपए की राशि दर्शायी गई थी और उसमें डाक घर की सील भी लगी थी। लेकिन जब पासबुक की कम्प्युटराईज्ड कापी एंट्री करायी गई तो 05 हजार रुपए की राशि हीना के खाते में जमा नही होना बताया जा रहा है। अतः उसकी समस्या का समाधान कर बेटी हीना के खाते में 05 हजार रुपए की राशि दिलायी जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को कार्यवाही करने कहा गया है।

## स्कूल खुलते ही पढ़ाई शुरू करने के निर्देश, 100 प्रतिशत उपस्थिति पर रहेगा विशेष फोकस

### कम उपस्थिति मिलने पर जिम्मेदार शिक्षकों पर होगी कार्रवाई..

### नो वर्क-नो पे के तहत कटेगा वेतन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में संचालित शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार अभियान के तहत स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय खुलने के पहले ही दिन से शत-प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा नियमित शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने निर्देशित किया है कि सभी शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करना वहां पदस्थ शिक्षकों की जिम्मेदारी होगी। प्रत्येक शिक्षक को अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संपर्क कर उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि निरीक्षण के दौरान शिक्षक बिना उचित कारण के अनुपस्थित पाए जाते हैं या अपने कार्यों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाते हैं, तो उनके विरुद्ध ÷नो वर्क-नो पे÷ के सिद्धांत के तहत वेतन कटौती की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने के पहले दिन से ही पढ़ाई का वातावरण बनना चाहिए। केवल उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न रहकर शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर भी विशेष ध्यान देना होगा, ताकि विद्यार्थियों का सीखने का स्तर बेहतर हो सके। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाई जाती है अथवा शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन), शिक्षक सशक्तिकरण, नियमित मूल्यांकन तथा तकनीक आधारित मॉनिटरिंग जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले का प्रत्येक बच्चा नियमित रूप से विद्यालय पहुंचे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। सभी शिक्षकों, पालकों एवं विद्यालय प्रबंधन समितियों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा गया है कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना सभी की साझा जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन इस दिशा में पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सतत निगरानी बनाए हुए है।

## मेगा अपार दिवस, 30 जून तक चलेंगे विशेष शिविर, विद्यार्थियों की बनाई जाएगी अपार आईडी

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए 1 जून से 30 जून 2026 तक ÷मेगा अपार दिवस÷ अभियान चलाया जा रहा है।***

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर आयोजित इस अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जिनमें क्क्र आईडी से वंचित विद्यार्थियों का पंजीयन एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन ने बताया कि इस अभियान के तहत ऐसे विद्यार्थियों के अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित किया जाएगा, जिनके पास आधार कार्ड होने के बावजूद क्क्र आईडी नहीं बनी है या जिनके पास अभी आधार कार्ड भी उपलब्ध नहीं है। शिविरों में विद्यार्थियों के नामांकन एवं क्क्र आईडी निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। अभियान के सफल संचालन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीएसी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों, जनशिक्षकों, संकुल प्राचार्यों तथा सभी विद्यालय प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला परियोजना समन्वयक घनश्याम प्रसाद वर्मन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों की क्क्र आईडी बनवाने में सहयोग करें।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भंडारा-गोंदिया विधानपरिषद चुनाव, 18 जून को मतदान प्रशासन की तैयारी पूरी, 3 प्रत्याशी मैदान में..

## वोटों की गिनती 22 जून को..

## दोनों जिलों में कुल 4 मतदान केंद्र 457 वोटर अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे, मतदान का समय सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक..




जगप्रेरणा आमगांव।

*भंडारा-गोंदिया, भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 18 मई, 2026 को घोषित महाराष्ट्र विधानपरिषद स्थानिक प्राधिकरण मतदारसंघ 2026 के कार्यक्रम के अनुसार, भंडारा-गोंदिया स्थानिक*

प्राधिकरण मतदारसंघ के लिए मतदान प्रक्रिया 18 जून, 2026 को होगा। मतदान का समय सुबह 8.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक तय किया गया है, और प्रशासन ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, चुनाव निर्णय अधिकारी और जिलाधिकारी (भंडारा) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है। इस इलेक्शन में कुल 3 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव निर्णय अधिकारी की दी गई जानकारी के मुताबिक, इस चुनाव के लिए कुल 04 मतदान केंद्र तय किए गए हैं, भंडारा और गोंदिया जिलों के हर उपविभागीय कार्य में एक। इस चुनाव में कुल 457 स्थानिक स्वराज्य संस्था के प्रतिनिधि मतदार अपने मतो के अधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस चुनाव में बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा, और मतदाता को अपना पंसती नंबर देकर वोट देना होगा। पूरी मतदान प्रक्रिया बहुत गोपनीय तरीके से की जाएगी।

### मतदान केंद्र के हिसाब से मतदाताओं की संख्या..

**1. मतदान केंद्र क 1:** उपविभागीय कार्यालय भंडारा। भवन उपविभागीय कार्यालय भंडारा। सलग्न स्थानिक प्राधिकरण संस्था एवं मतदार संख्याः ज़िला परिषद भंडारा (58), नगर परिषद भंडारा (40), नगर परिषद तुमसर (26), नगर परिषद पवनी (23), नगर पंचायत मोहाड़ी (19), कुल वोटरों की संख्याः 166

**2. पोलिंग स्टेशन नंबर 2:** उपविभागीय अधिकारी कार्यालय साकोली। भवन उपविभागीय कार्यालय साकोली साकोली, मंडल अधिकारी का कमरा, सलग्न स्थानिक प्राधिकरण संस्था एवं मतदार संख्याः नगर परिषद साकोली (23), नगर पंचायत लखनी (19), नगर पंचायत लखांदुर (19), कुल वोटरः 61

**3. पोलिंग स्टेशन नंबर 3:** जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया। भवनः जिलाधिकारी कार्यालय गोंदिया, लेफ्ट गेट, रूम नंबर 4 आवक जावक शाखा, उत्तर की ओर का भाग। संलग्न स्थानिक प्राधिकरण संस्था मतदार संख्या जिला परिषद गोंदिया (61), नगर परिषद गोंदिया (50), नगर परिषद तिरोडा(23), नगर पंचायत गोरेगांव (20), कुल वोटरः 154

**4. पोलिंग स्टेशन नंबर 4:** उपविभागीय कार्यालय सडक अर्जुनी। भवन तहसील कार्यालय सड़क अर्जुनी, सभागुह तहसील कार्यालय सड़क अर्जुनी। संलग्न स्थानिक प्राधिकरण संस्था मतदार संख्या - नगर पंचायत सालेकसा (20), नगर पंचायत देवरी (19), नगर पंचायत सड़क अर्जुनी (18), नगर पंचायत अर्जुनी (मो.) (19), कुल वोटर काउंटः 76 कुल मतदार संख्या (दोनों जिले मिलाकर): 457 इस चुनाव को सफलतापूर्वक और आसानी से करवाने के लिए प्रशासन ने 6 मतदान पृथक बनाई हैं। इन पथक की पहली प्रशिक्षण 05 जून 2026 को हुई थी, और दूसरी ज़रूरी प्रशिक्षण 12 जून 2026 को सुबह 11.00 बजे जिलाधिकिरी कार्यालय में हुई थी।

**सुरक्षा कक्ष :** इसे कड़ी पुलिस सुरक्षा में वैनगंगा सभागृह, भंडारा में बनाया गया है। **मतगणना केंद्रः** भंडारा के पुलिस बहुउद्देशीय सभागृह में मतदान की गिनती का इंतज़ाम किया गया है। **मतदान गिनती की तारीखः** सोमवार, 22/06/2026 को मतदान की गिनतीं होगी एवं अंतिम नतीजे घोषित किए जाएँगे।

प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि पूरा ज़िला और पुलिस प्रशासन भंडारा-गोंदिया स्थानिक प्राधिकरण चुनाव क्षेत्र का यह चुनाव पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में कराने के लिए तैयार है।

# एंडोस्कोपी प्रक्रिया से बच्ची के शरीर से निकाली गई बटन बैटरी, सहायोग हॉस्पिटल में सफल उपचार..





जगप्रेरणा गोंदिया।

*सहायोग हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी प्रक्रिया के माध्यम से एक 19 माह की बच्ची के शरीर से बटन बैटरी सफलतापूर्वक निकालकर उसकी जान बचाई गई।*

बच्ची खेलते समय अनजाने में एक छोटी बटन बैटरी निगल गई थी, जो सामान्यतः बच्चों के खिलौनों में उपयोग की जाती है। बैटरी निगलने के बाद वह बच्ची की भोजन नली (इसोफेगस) में छाती के पास जाकर फंस गई, जिससे उसे काफी दर्द और असहजता होने लगी।

परिजनों ने तत्काल बच्ची को सहायोग हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉ. सुनील वानखड़े, कंसल्टेंट जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन ने उसकी जांच की और एक्स-रे कराने की सलाह दी। एक्स-रे रिपोर्ट में बैटरी की सटीक स्थिति का पता चलने के बाद डॉ. वानखड़े ने तत्काल एंडोस्कोपी प्रक्रिया करने का निर्णय लिया।

परिजनों की सहमति प्राप्त होने के बाद प्रक्रिया शुरू की गई। लगभग 30 मिनट तक चली इस एंडोस्कोपी प्रक्रिया में फंसी हुई बैटरी को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया। समय रहते उपचार मिलने से बच्ची को किसी गंभीर जटिलता का सामना नहीं करना पड़ा।

इस संबंध में डॉ. सुनील वानखड़े ने बताया कि यदि ऐसी स्थिति में समय पर उपचार शुरू न किया जाए तो बटन बैटरी शरीर के अंदर गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। बैटरी के भोजन नली में फंसने पर ऊतकों में जलन, संक्रमण और अन्य जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि अधिकांश मामलों में निगली गई वस्तुएं बिना किसी उपचार के स्वयं बाहर निकल जाती हैं और लगभग 80 प्रतिशत मामलों में यही देखा जाता है। हालांकि 10 से 20 प्रतिशत मामलों में एंडोस्कोपी की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन यदि बटन बैटरी, चुंबक या अन्य खतरनाक वस्तु निगल ली जाए तो तत्काल चिकित्सा हस्तक्षेप आवश्यक हो जाता है।

डॉ. वानखेड़े ने अभिभावकों को सलाह दी कि यदि बच्चे में निगलने में कठिनाई, लगातार उल्टी जैसा महसूस होना, अत्यधिक लार आना, उल्टी या मल में रक्त दिखाई देना, निगलने के बाद छाती या गले में दर्द, अथवा सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क कर आवश्यक जांच और उपचार कराना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. सौरभ वर्धानी ने बताया कि अब सहायोग हॉस्पिटल में जटिल से जटिल ऑपरेशन भी अत्याधुनिक तकनीकों एवं अनुभवी विशेषज्ञों की मदद से सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। अस्पताल में अनुभवी नर्सिंग स्टाफ, 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता तथा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्र के मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## अंजोरा आरोग्य उपकेन्द्र से कम्प्युटर चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/6/2026 के रात मे अज्ञात चोर ने आरोग्य उपकेन्द्र मे घुसकर कम्प्युटर, कि बोर्ड माऊस, प्रिंटर, बी पी आपरेटर, एक्सटेशन बॉक्स, कुल 93,605 रूपये का माल चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 425/2026 धारा 305,305, ई, भान्यास 2023, के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मेश्राम पोस्टे आमगांव कर रहे है।**

## कार रोड पर क्यो रखा बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/6/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान आर टी ओ ऑफिस फुलचुर के पास फर्यादी गंगाधर गुटे उम्र 39 वर्ष सॅलटॅक्स कॉलोनी ने अपनी कार निकाली और अपने बच्चो को बिठाकर दवाखाने ले जा रहा था। वहा आरोपी अपनी टु व्हिलर से आया और फर्यादी की कॉलर पकड़कर रहा तुने रोड पर गाडी क्यो खड़ी किया बोलकर मारपीट की रोड के बाजु मे पडी सलाख उठाकर सर पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 369/2026 धारा 118,1,296, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी प्रितम येरमे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।**

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### बेहोशी हालत मे मिले अज्ञात युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 30/ 5/ 2026 के शाम 5 बजे शुभम भांडारकर और सोनु श्रीवास्तव निवासी साईनगर ने गजेन्द्र चौक दारू भट्टी के पास से अज्ञात युवक उम्र अंदाजन 37 वर्ष को आटो मे उपचार के लिये केटीएस अस्पताल वार्ड क्रमांक 2 मे भर्ती कराया उपचार के दौरान 15/6/2026 को उसकी मौत हो गई। डॉ परवीन के लिखित मेमो पर पोस्टे रामनगर मे अकस्मात मौत क्रमांक 11/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा छबीलाल रहांगडाले पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### हार्डवेयर की दुकान से 66 हजार का कॉपर वायर चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अन्तर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 14/6/2026 के रात नवेगावाबांध मे फर्यादी संजय दामोधर लांजेवार उम्र 45 वर्ष की संजय हार्डवेयर दुकान होकर घटना के रात मे अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर दुकान मे प्रवेश किया और कॉपर वायर किमत अंदाजन 66 हजार का माल चोरी करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे नवेगांव बांध मे अपराध क्रमांक 163/2026 धारा 305,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी मेश्राम पोस्टे नवेगांवबांध कर रहे है।

# जन्मदिन का अनोखा संकल्पः आमगांव में गूंजा ग्राहकों के अधिकारों का शंखनाद..

## एमआरपी कानून के प्रति जन-जागृति के लिए अनूठा आयोजन, 'लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट' की दी गई विस्तृत जानकारी..



जगप्रेरणा आमगांव।

*साधारणतः जन्मदिन का अवसर केक काटने और उत्सव मनाने तक सीमित रहता है, परंतु वसंत नगर स्थित सार्वजनिक हनुमान मंदिर में 15 जून को एक अत्यंत प्रेरक और अनूठा दृश्य देखने को मिला।*

यहाँ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के समर्पित सदस्य नरेंद्र बहेटवार एवं मंदिर समिति के अन्य चार सदस्यों का जन्मदिन पारंपरिक चकाचौंध से दूर, समाज जागृति के एक उत्कृष्ट उपक्रम के रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर को 'एमआरपी कानून' और 'ग्राहक फसवणूक' (उपभोक्ता धोखाधड़ी) के खिलाफ एक सशक्त अभियान का रूप दे दिया गया।

एमआरपी से अधिक मूल्य देना बंद करें, हर खरीद का बिल लें : इस अनोखे जनजागृति कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित नागरिकों और उपभोक्ताओं का पुरजोर आवाहन किया गया कि वे जागरूक बनें। किसी भी वस्तु को खरीदते समय प्रिंटेड एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) से एक भी रुपया अधिक न दें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हर छोटी-बड़ी खरीद का पक्का बिल अवश्य लें। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष, से. नि.प्राचार्य व्ही. डी. मेश्राम ने अपने प्रखर संबोधन में कहा, 'एमआरपी से एक रुपया भी ज्यादा वसूलना कानूनन अपराध है। जब तक देश का सामान्य ग्राहक जागरूक नहीं होगा, तब तक बड़ी कंपनियों की मनमानी और लूट को नहीं रोका जा सकता। वर्तमान में एमआरपी रेट को जानबूझकर अधिक प्रिंट कर ग्राहकों को लूटने का जो कुचक्र चल रहा है, उसे उपभोक्ता चेतना से ही ध्वस्त किया जा सकता है।'

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष ने शासन के 'लीगल मेट्रोलॉजी एक्ट 2009' (विधिक मापविज्ञान अधिनियम) के कड़े प्रावधानों पर प्रकाश डाला और ग्राहकों को ठगी का शिकार होने पर शिकायत दर्ज करने की संपूर्ण कानूनी प्रक्रिया से विस्तृत रूप से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के उपाध्यक्ष संतोष पुंडकर, कोषाध्यक्ष बी. एम. कटरे एवं रमेश लिल्हारे ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत किस प्रकार देशभर में एमआरपी के इस गोरखधंधे के खिलाफएक बड़ा अभियान चला रही है। वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि शासन को प्रिंटेड एमआरपी की विसंगतियों पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए ताकि ग्राहकों का शोषण रुक सके।

**प्रभात फेरी और जन-जागृति का महा-संकल्प :** इस गरिमामयी और वैचारिक आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में सरोज कोसरकर, दिनेश चिंचाळकर, राजेश शिवणकर, सुभाष आकरे, रूपेश तिवारी, एस.आई. बनोठे, अतिश कावडे, अशोक शेंडे, छत्रपाल मच्छिया, नंदेश्वर मोहरे, सियालाल उपराळे और अर्चना चिंचाडकर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने नगर में 'प्रभात फेरी' निकालकर ग्राहकों को उनके अधिकारों के प्रति जागृत करने और इस सामाजिक चेतना अभियान में अपना पूर्ण सहयोग देने का सामूहिक संकल्प व्यक्त किया। जन्मदिन के इस रचनात्मक और समाजोपयोगी स्वरूप की पूरे आमगांव क्षेत्र में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।

# एक ही ऐप में रेलवे की सभी सुविधाएँ, यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा रेलवन ऐप..

## नागपुर मंडल के व्यापक प्रचार-प्रसार से बढ़ रहा डिजिटल टिकटिंग का दायरा, लाखों यात्री उठा रहे लाभ..

## बुकिंग काउंटर पर लगे रेलवन ऐप स्टिकर में उपलब्ध QR कोड के माध्यम से भी रेलवन ऐप डाउनलोड या टिकट बुक कर सकते हैं यात्री..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों को आधुनिक, त्वरित एवं सुविधाजनक डिजिटल सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में विकसित रेलवन ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।*

पिछले वर्ष जुलाई में प्रारंभ किए गए इस एकीकृत मोबाइल ऐप को देशभर में अब तक करोड़ों लोग डाउनलोड कर चुके हैं तथा इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है।

### रेलवन ऐप की प्रमुख विशेषताएँ, उपयोगिता एवं लाभ..

इस ऐप के माध्यम से यात्री आरक्षित, अनारक्षित एवं प्लेटफॉर्म टिकटों की आसानी से बुकिंग कर सकते हैं, साथ ही टिकट रद्दीकरण एवं रिफंड की प्रक्रिया भी बेहद सरल एवं त्वरित रूप में उपलब्ध है। यात्रियों को पीएनआर स्टेटस, वेटिंग स्थिति, लाइव ट्रेन रनिंग स्टेटस, ट्रेन के आगमन एवं प्रस्थान समय, प्लेटफॉर्म नंबर तथा कोच पोजिशन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी रियल टाइम में प्राप्त होती है। रेलवन ऐप सुरक्षित, सुविधाजनक एवं तेज डिजिटल भुगतान सुविधा उपलब्ध कराता है। रेलवन ऐप में यात्रियों को तेज, सुरक्षित एवं सुविधाजनक डिजिटल टिकटिंग सुविधा मिलने के कारण यात्रियों का समय एवं श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा टिकट काउंटरों में भीड़ एवं लंबी कतारों से राहत मिल रही है। यात्री कहीं से भी अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। यह ऐप पारदर्शी एवं कैशलेस टिकटिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ खल्ले पैसे एवं फेक करेंसी जैसी समस्याओं से भी राहत प्रदान कर रही है। यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाते हुए रेलवन ऐप के माध्यम से यात्रा के दौरान भोजन ऑर्डर करने की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे पसंदीदा भोजन सीट तक पहुँचाया जाता है। डिजिटल इंडिया अभियान को सशक्त बनाने में भी रेलवन ऐप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक कर डिजिटल भुगतान करने पर यात्रियों को 3 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है, जो 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी है।

### मंडल द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार..

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा रेलवन ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंडल के प्रमुख स्टेशनों के बुकिंग कार्यालयों में रेलवन ऐप के फ्लेक्स, बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं। प्रमुख स्टेशनों पर उदघोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को ऐप की जानकारी दी जा रही है। वाणिज्य विभाग द्वारा प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क संचालित कर यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने, टिकट बुकिंग एवं डिजिटल भुगतान संबंधी सहायता प्रदान की जा रही है।

# प्रशासनिक फेरबदलः आय ए एस झेनिथ चंद्र दोन्तुला का गोंदिया जिला परिषद मुख्यकार्यकारी अधिकारी के पद पर तबादला..

## किनवट के प्रकल्प अधिकारी अब गोंदिया जिला परिषद की बागडोर संभालेंगे, पद को जूनियर टाइम स्केल में डिमोट करके सरकारी आदेश जारी..



जगप्रेरणा आमगांव।

*महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य में आय ए एस (भाप्रसे) अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं, जिसमें किनवट के प्रकल्प अधिकारी माननीय झेनिथ चंद्र दोन्तुला (भाप्रसे) को एक अहम* पद पर नियुक्त किया गया है। उन्हें तुरंत प्रभाव से गोंदिया जिला परिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी **(CEO)** के खाली पद पर तबादला किया गया है।

सरकार के आधिकारिक पत्र के मुताबिक, यह फैसला भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवाभरती) नियम 1954 के नियम **6A (3) (b)** के तरतुद का इस्तेमाल करते हुए लिया गया है। उक्त नियुक्त करते समय गोंदिया जिला परिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी के पद को 'कनिष्ठ समय श्रेणी' में अवनत किया गया है और माननीय दोन्तुला को इसमें नियुक्त किया गया है।

माननीय झेनिथ चंद्र दोन्तुला को निर्देश दिया गया है कि वे छत्रपति संभाजीनगर डिवीज़न के डिवीज़नल कमिश्नर की सलाह पर अपनी मौजूदा पोस्ट (प्रोजेक्ट ऑफिसर, इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट, किनवट और असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर, किनवट सब-डिवीज़न, नांदेड़) का चार्ज किसी दूसरे ऑफिसर को सौंप दें और तुरंत नई पोस्ट का चार्ज संभाल लें।

यह आदेश जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के जॉइंट सेक्रेटरी, सुभाष उमरानीकर के साइन से ऑफिशियली जारी किया गया है और संबंधित डिपार्टमेंट को इस बारे में ज़रूरी एक्शन लेने का ऑर्डर दिया गया है।

सरकार ने ऑफिसर को यह भी निर्देश दिया है कि नई पोस्टिंग के बाद एडमिनिस्ट्रेशन में मोबिलिटी लाने के लिए ई-ऑफिस और ई-**HRMS** सिस्टम का इस्तेमाल बढ़ाने पर खास ध्यान दें।

**संदर्भः** ऑर्डर नंबर **AEO-1126/5/2026/BHAPRES-1**,मंत्रालय, मुंबई।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोंस की जांच
हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# सांसद राजेन्द्र जैन का सड़क अर्जुनी में पूर्व मंत्री एवं विधायक राजकुमार बड़ोले संहित कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय अभिनंदन..

## गोंदिया शहर व जिले में भी हो रहा सांसद जैन का जगह जगह अभिनंदन..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले की राजनीति में यूवावस्था से सांसद प्रफुल पटेल के साथ एक कार्यकर्ता के रुप में जुड़े राजेन्द्र जैन को सांसद पटेल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए 50 वर्ष बीत चुके हैं। राजेन्द्र जैन के समर्पण एवं उनकी योग्यता के चलते जहां उन्हें दो बार विधान परिषद में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ, वहीं हाल*

ही में उन्हें निर्विरोध राज्यसभा में निर्वाचित होने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जिसके चलते गोंदिया भंडारा जिले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ ही विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में भारी उत्साह और खुशी देखी जा रही है। सार्वजनिक जीवन में कार्य करते हुए सांसद राजेन्द्र जैन ने जन जन के कार्यों में हमेशा मदद के कदम आगे बढ़ाये, जिसका परिणाम है कि उनके सांसद बनने के बाद जिले में जगह जगह उनका स्वागत अभिनंदन किया जा रहा है। इसी क्रम में सांसद राजेन्द्र जैन का आज 16 जून को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक एवं पूर्व मंत्री राजकुमार बड़ोले ने राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सड़क अर्जुनी स्थित अपने निवास पर भव्य अभिनंदन किया।

विधायक राजकुमार बडोले के निवास पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर अपने नेता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने श्री जैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके आगामी संसदीय कार्यकाल के सफल एवं जनहितकारी होने की कामना की। उनके दीर्घ राजनीतिक, सामाजिक एवं लोककल्याणकारी योगदान की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभेच्छाएं व्यक्त की गईं। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार बडोले, श्रीमती शारदाताई बडोले, प्रशांत शहारे, डॉ. अविनाश काशीवार, किशोर तरोणे, लोकपाल गहाणे, शिवाजी गहाणे, श्रीमती रजनी गिरीपुंजे, श्रीमती वंदनाताई डोंगरवार, श्रीमती कामिनी कोवे, डॉ. महेश गिरीगुंजे, श्रीमती रिता लांजेवार, सुभाष कापगते, रमेश चुर्हे, श्री झिंगरे (पूर्व पुलिस पाटिल), मुनेश्वर कापगते, अतुल फुले, सचिन गहाणे, श्री जांभुळकर, श्री हातझाडे, सुशील लाडे, श्री यावलकर, युवराज वालदे, आकाश गुप्ता, निप्पल बरेया, उमेश कापगते, रतन डोंगरवार, आनंदा निखारे, श्रीमती वैशाली गिरीपुंजे, अशोक लांजेवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोंदिया जिले में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विदर्भ राज्य आंदोलन समिति ने जताया विरोध..

## जनआंदोलन की चेतावनी के साथ कार्यकारी अभियंता आनंद जैन को सौपा ज्ञापन..

## कहा.. कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने पर होगा महावितरण जिम्मेदार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*महावितरण द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को मोबाइल पर 48 घंटे बाद स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा ऐसा संदेश भेजकर जबरन स्मार्ट मीटर लगाने के लिये बाधित किया जा रहा है, जिसका आज विदर्भ राज्य आंदोलन समिति ने विरोध जताया, तथा लोकतांत्रिक तरीके से तीव्र जनआंदोलन की कड़ी चेतावनी भी दी।*

इस संबंध में विदर्भ राज्य आंदोलन समिति के जिला समन्वयक अतुल सतदेवे के नेतृत्व में तथा जिला अध्यक्ष छैलबिहारी अग्रवाल की प्रमुख उपस्थिति में महिला आघाड़ी अध्यक्ष राखी भारद्वाज, रुपाली उके, शहर अध्यक्ष वसंत गवली, कुंदा चंद्रिकापुरे, जया कुमार, अरुण बन्नाटे एवं अन्य पदाधिकारियों ने महावितरण के गोंदिया सर्कल अधीक्षक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसे कार्यकारी अभियंता आनंद जैन ने स्वीकार किया।

### बोले अतुल सतदेवे..

ज्ञापन सौंपते हुए अतुल सतदेवे ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिखित सहमति के बिना इस प्रकार की प्रक्रिया लागू करना एकतरफा है जो कि अस्वीकार्य है। सतदेवे ने यह भी कहा कि भविष्य में यदि स्मार्ट मीटर प्रणाली को प्रीपेड स्वरूप दिया गया तो आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है।

### बोले छैलबिहारी अग्रवाल..

ज्ञापन सौंपने के दौरान छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि महाराष्ट्र की बिजली आपूर्ति में सबसे बड़ा योगदान विदर्भ का है। बिजली उत्पादन के लिये भूमि, प्राकृतिक संसाधन एवं पर्यावरणीय प्रभावों का भार विदर्भ की जनता उठाती है। ऐसे में राज्य में बिजली की दरें कम होना चाहिये तो इसके विपरित सर्वाधिक बिजली की दरें महाराष्ट्र में वसूली जा रही है।

### स्मार्ट मीटर में आ रहा खपत से ज्यादा बिल..

छैलबिहारी अग्रवाल ने ज्ञापन सौंपते हुए यह भी बताया कि जिन घरों और कारखानों, फैक्ट्रियों में स्मार्ट मीटर लगाये गए हैं, उनकी शिकायते हैं कि उनका बिजली का बिल देढ़ गुना आ रहा है, इस तरह सीधे तौर पर बिजली बिल की मनमानी वसूली किये जाने का उद्देश्य स्मार्ट मीटर में निहित नजर आ रहा है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यदि विद्युत विभाग ने आम नागरिकों के साथ ऐसा खिलवाड़ जारी रखा तो इसके बूरे परिणाम हो सकते हैं, और जनआंदोलन उग्र भी हो सकता है।

# श्री मारवाड़ी युवक मंडल अध्यक्ष महेश गोयल के निवास पर हुआ भव्य स्वागत..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गौरतलब है कि स्वागत की कड़ी में नवनिर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन का आज 16 जून को श्री मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल के निवास पर भी भव्य स्वागत किया गया।*

इस अवसर पर गोयल परिवार एवं पारिवारिक मित्रों ने राजेंद्र जैन को राज्यसभा सांसद के निर्विरोध निर्वाचन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। सांसद श्री जैन ने भी महेश गोयल एवं सौ. सुनीता गोयल को उनकी विवाह वर्षगांठ की बधाई दी।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से वेदप्रकाश जी गोयल, देवेंद्रनाथ चौबे, अजय अग्रवाल, प्रेम जायसवाल, नागेन्द्रनाथ चौबे, राजू एन. जैन, पदम अग्रवाल, पंकज मोदी, मनीष अग्रवाल, निखिल गोयल, मनीष एच. अग्रवाल, अरविंद बजाज, राजीव जयपुरिया, रितेश अग्रवाल, ललित दादरीवाल, मयंक गोयल आदि उपस्थित थे।

## वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती पर

# गोंदिया में आज निकलेगी राजपूत समाज की भव्य मोटर सायकिल रैली..

## जय जय राणा, जय महाराणा के नारों से गुंजेगा गोंदिया..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारत के महान राजपूत योद्धा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जिन्होंने अनेक मर्तबा मुगल साम्राज्य को नाकों चने चबवा दिये थे, तथा सनातन की रक्षा करते हुए राजस्थान की वीरता से पुरे विश्व को परिचित कराने का काम किया था। ऐसे महान योद्धा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती ज्येष्ठ मास के*

शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि आज 17 जून बुधवार को महाराणा प्रताप मेमोरियल संस्था एवं समस्त राजपूत समाज द्वारा गोंदिया जिले में धुमधाम से मनाई जाएगी। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी की जयंती उत्सव पर आज राजपूत समाज के नेता पार्षद एवं पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर के ठाकुर मोहल्ला से शुरु होगी, जो कि नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए रेल टोली स्थित महाराणा प्रताप उद्यान पहुंचेगी, जहां समाज की महिलाओं द्वारा रैली का स्वागत किया जाएगा।

महाराणा प्रताप उद्यान में इसके उपरांत विधि विधान से महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जयंती मनाई जायेगी। तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल में भजन संध्या का कार्यक्रम साथ ही 10 वी, 12 वी में उतीर्ण एवं विशेष स्थान प्राप्त किए हुए विद्यार्थियों का सत्कार समारोह कार्यक्रम उपरांत महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाराणा प्रताप मेमोरियल संस्था ने सभी समाज बंधुओं से बाइक रैली एवं समस्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में तथा सपरिवार उपस्थिति का आग्रह कर समाज की एकता का परिचय देने की अपील की है। उक्त जानकारी राजपूत समाज की ओर से सुप्रीत सिंह बैस द्वारा दी गई।

# जी.एच.रायसोनी मेमोरियल ओपन रेपिड चेस टूर्नामेंट 21 जुन को गोंदिया में..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया डिस्ट्रीक्ट चेस असोसिएशन व कल्पना प्रकाश वेलफेअर फाऊंडेशन द्वारा गोंदिया में 21 जून 2026 को विदर्भ छत्तीसगढ स्तरीय ओपन रेपिड चेस टूर्नामेंट जी. एच. रायसोनी स्मृति में आयोजित किया जायेगा।*

प्रतियोगिता में कुल पचास हजार के पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतियोगीता का स्थान विवेक मंदिर सी.बी.एस.ई स्कूल हरिओम कॉलोनी में किया जायेगा। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 6000/-, द्वितीय 4000/-, तृतीय 3000/-, चतुर्थ 2000/- व अन्य पचास इनाम दिये जायेंगे। 7, 9, 11, 13 वर्षीय बच्चों के लिये विशेष पुरस्कार मेडल सर्टीफिकेट दिये जायेंगे। प्रतियोगीता का उद्घाटन सुबह 9.00 बजे विवेक मंदिर स्कूल में किया जायेगा।

अधिक जानकारी के लिये मुकेश बाराई सचिव, जी. डी. सी. ए. शाम अग्रवाल, डी. बी. चौरे, प्रभाकर पालांदुरकर, नियाज शेख, बागडे सर तुमसर, हितेश कोडवानी, आयोजन संरक्षक समिती में डॉ. नितीन कोतवाल, दिलीप जैन, शिखा पिपलेवार, राजेश चौरसिया, भुषण श्रीवास, सच्चीदानंद सोमन, राहूल दवे, राजु लिमये, त्रिलोक तुरकर, पार्थ बाराई से संपर्क किया जा सकता है।

# पू. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति द्वारा किया गया सांसद राजेन्द्र जैन का अभिनंदन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन का आज सांसद जनसंपर्क कार्यालय, पाल चौक में विश्व रत्न परमपूज्य डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति, गोंदिया की ओर से निर्विरोध निर्वाचन*

पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने श्री जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आगामी संसदीय कार्यकाल के सफल, जनहितकारी एवं प्रभावी होने की कामना की। इस दौरान प्रमुख रुप से अमित भालेराव, घनश्याम पानतवने, श्याम चौरे, डॉ. राजेंद्र वैद्य, रविकांत कोटंगले, शैलेश टेम्भेकर, जितेंद्र सतिसेवक, रवि भालाधरे, हर्षपाल रंगारी, सुनील मेश्राम सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler
Power Doppler Imaging
B-flow Imaging
Tissue Harmonic Imaging
Transrectric & TV Sonography
Pediatric Sonography
Orbital Sonography
Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
Neonatologist Neurosonogram
2 D Echo Cardiography
Foetal Echo
Whole Body Ct Scan
Digital X-ray Digital Radiography System
M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography
2D Echo
Colour Doppler
Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक
SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T. SCAN

दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

अब जन जन और गांव गांव तक प्रचार प्रसार हेतु
मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ में शहरी एवं ग्रामीण भागों तक पॉम्पलेट वितरण का एकमात्र सेंटर..
पॉम्पलेटवाला प्रकाशन
नोट - सिंगल कलर एवं मल्टी कलर पॉम्पलेट प्रिंटिंग कार्य भी किया जाता है।
संपर्क - पांपलेटवाला प्रकाशन, सांई रोजगार, एन.एम.डी. कॉलेज के बाजू में, गोंदिया मो. 9922607145

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com